26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 06 नवम्बर , 2026
अंक- 13 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 26

धनतेरस पर बड़ी गिरावट...

सोना 2500 सस्ता, चांदी भी बिखरी

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। धनतेरस के मौके पर सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी मार्केट में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। MCX गोल्ड फ्यूचर 2428 रुपये प्रति 10 ग्राम टूटकर 1,41,667 रुपये पर आ गया, वहीं चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है। दिसंबर सिल्वर फ्यूचर की बात करें तो चांदी की कीमत 3100 रुपये टूटकर 1,84,050 रुपये प्रति किलो पर आ चुकी है। गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में यह तेजी तब आई है, जब ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। कच्चा तेल 2 फीसदी चढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड रेट 1.46 फीसदी गिरकर 4,053.8 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं चांदी की कीमत 1.70 फीसदी टूटकर 51.485 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,46,180 और 22 कैरेट सोने का भाव 1,34,010 है, जबकि 18 कैरेट सोने की कीमत 1,09,680 है। यहां चांदी की कीमत 2,10,100 प्रति किलो है।


30 लाख दीये, सरयू के तट और 56 घाट...

रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव की भव्य तैयारी

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। अयोध्या एक बार फिर भव्य दीपोत्सव के लिए तैयार है। 7 नवंबर को होने वाले दसवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए शहर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राम की पैड़ी समेत सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर मिट्टी के दीयों की कतारें सजने लगी हैं। इस बार करीब 30 लाख दीयों से सरयू का तट रोशन करने की तैयारी है। स्वयंसेवक 56 घाटों पर दीये सजाने के काम में जुटे हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और मेहमानों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन का व्यापक इंतजाम किया है। दीपोत्सव को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरे आयोजन क्षेत्र को तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में बांटा गया है। मंगलवार को रामकथा पार्क परिसर में एडीजी जोन प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की विस्तृत सुरक्षा बैठक हुई। इसमें अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही भीड़ नियंत्रण, वीवीआईपी आवागमन, यातायात व्यवस्था और आयोजन स्थल की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने 7 नवंबर को मुख्य आयोजन के दौरान धर्मपथ और रामपथ पर सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का फैसला किया है। शहर के प्रमुख रास्तों, प्रवेश द्वारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों को आपसी तालमेल बनाए रखने, सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीजी जोन प्रवीण कुमार ने बताया कि दसवें दीपोत्सव को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे आयोजन को तीन सुरक्षा घेरे में रखा गया है और सभी



अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि दीपोत्सव की सभी तैयारियां आपसी समन्वय के साथ की जा रही हैं। श्रद्धालुओं और मेहमानों की सुविधा, सुरक्षा तथा आयोजन का सुचारु संचालन प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों को आपस में तालमेल बनाकर अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि आस्था, संस्कृति और भव्यता का प्रतीक यह आयोजन बिना किसी बाधा के सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। अब सबकी निगाहें 7 नवंबर पर हैं, जब 30 लाख दीयों की रोशनी में सरयू का तट एक बार फिर जगमगाएगा।

योगी सरकार का बड़ा ऐलान.. यूपी में मिलेगी दोगुनी सहायता

पशुओं की मौत पर भी बढ़ा मुआवजा

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों और आम लोगों के लिए योगी सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। अब बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं में फसल बर्बाद होने पर किसानों को पहले के मुकाबले ज्यादा मुआवजा मिलेगा। इतना ही नहीं, प्राकृतिक आपदा में किसी व्यक्ति की मौत होने पर उसके परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता भी दोगुनी कर दी गई है। पहले यह राशि 4 लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर अब 8 लाख रुपये कर दिया गया है। सरकार ने फसल, पशुधन, मकान और सार्वजनिक सुविधाओं को हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी नए मानक तय किए हैं। इस फैसले से प्रदेश के 10 लाख से ज्यादा किसानों को फायदा मिलने की उम्मीद है। योगी सरकार ने आपदा राहत के तहत फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सहायता राशि में 25 से 30 फीसदी तक बढ़ोतरी की है. नए मानकों के मुताबिक, सिंचित क्षेत्र में फसल नुकसान होने पर किसानों को अब 17 हजार रुपये की जगह 22 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता मिलेगी। इसी तरह वर्षा आधारित यानी असिंचित क्षेत्र में फसल बर्बाद होने पर मिलने वाली सहायता राशि 8,500 रुपये से बढ़ाकर 11 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी गई है।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

बैट्री इलेक्ट्रिक व्हीकल्स

मात्र 35999/- से शुरू



3 साल की गारंटी

(Battery, Motor, Controller और Chesis की भी) और साथ ही हर स्कूटी पे पाइये V.I.P. Company का 3000/- M.R.P. का Troly Bag मुफ्त और Helmet भी।



पता- पुलिस थाने के निकट, कालागढ़ रोड,
अफजलगढ़ (बिजनौर) मो. 6377372091

शिक्षक कवि साहित्यिक संस्था की गोष्ठी में कवियों ने सुनाई रचनाएं

नजीबाबाद (चिंगारी)। शिक्षक कवि साहित्यिक संस्था की काव्य गोष्ठी सिद्धबलि विहार में देवेंद्र शर्मा के निवास पर आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता आचार्य रवि शास्त्री व संचालन डॉ. बेगराज यादव ने किया। गोष्ठी का आरंभ अध्यक्ष आचार्य रवि शास्त्री ने सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया। पुनीत मेहरा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आचार्या फूलमाला वर्मा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। युवा रचनाकार आर्य विकास सोमदत्त ने साहित्यिक प्रस्तुति दी। दीपावली पर्व पर कुमुद कुमार ने एक दीप देशभक्ति का जलाओ राष्ट्र के नाम, जगमग दीवाली सी हो जाए भारत की हर शाम सुनाया। वरिष्ठ कवि प्रमोद शर्मा प्रेम ने गुनगुनाया गलत चश्मा चढ़ाया जा रहा है। गगन छोटा बताया जा रहा है। वरिष्ठ कवियत्री नीमा शर्मा ने ओजपूर्ण कविता चेतक सुनाई। शिक्षक आशुतोष ने समय शीर्षक से अपनी कविता सुनाई। डॉ. जसवंत सिंह प्रकाश ने



भरत की पत्नी माण्डवी का प्रसंग काव्य रूप में सुनाया। गोष्ठी के आयोजक देवेंद्र शर्मा ने उम्र ढले तो क्या कोमलता कम नहीं होती, चेहरे की झुर्रियों में भी सुंदरता कम नहीं होती। कुशल संचालक डॉ. बेगराज यादव ने सुनाया यूँ न उदास बैठाकर, हर बात पर न ऐंठाकर, जीना है जो खुशी खुशी, अपनों के पास बैठाकर सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य रवि शास्त्री ने हास्य रस की कविता से सबके मन को गुदगुदा दिया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में कहा कि यह गोष्ठी किसी गुलदस्ते की तरह थी जिसमें हर रंग के पुष्प ने अपनी छटां बिखेरी। साहित्य को जीवंत रखने के लिए ऐसी काव्य गोष्ठियों का आयोजन आवश्यक है। आयोजक सुनीता शर्मा ने सभी रचनाकारों को कलम भेंट कर सबका काव्य गोष्ठी में सम्मिलित होने के लिए आभार जताया।

वसीम बख्श के युवा रालोद का प्रदेश सचिव बनने से समर्थकों में खुशी

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से नजीबाबाद निवासी वसीम अहमद बख्श को युवा रालोद का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक सिंह त्यागी के अनुमोदन तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल की संतुति पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वसीम अहमद बख्श



की नियुक्ति से क्षेत्र के रालोद कार्यकताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वसीम अहमद बख्श का लोकदल परिवार से पुराना नाता रहा है। उनके पिता शरीफ अहमद आजीवन लोकदल के समर्पित कार्यकर्ता रहने के साथ कई पदों पर रहकर पार्टी संगठन की सेवा कर चुके है। उन्होंने हर परिस्थिति में पार्टी का साथ दिया।

भाकियू लोकशक्ति ने की गन्ना मूल्य साढ़े पांच सौ रूपए करने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले किसानों के बकाया गन्ना भुगतान, गन्ना मूल्य वृद्धि, घटतौली, प्रदूषण, ओवरहाइट-ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण, गुलदारों के आतंक सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत के बाद भाकियू लोकशक्ति के बिजनौर जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को एक ज्ञापन दिया। उन्होंने चालू पिराई सत्र 2026-27 में किसानों को समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए शासन-प्रशासन से जवाबदेही तय कराने की मांग की। एसडीएम ने धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने प्रमुख मांगों बिलाई शुगर मिल शुगर मिलों पर बकाया किसानों का गन्ना भुगतान अविलंब भुगतान कराने, चालू पिराई सत्र 2026-27 में गन्ना घटतौली पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कराने, बढ़ती कृषि लागत को देखते हुए पिराई सत्र 2026-27 में गन्ने का भाव ?550 प्रति क्विंटल घोषित कराने, शुगर मिलों एवं बड़ी फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित पानी व धुएं पर प्रभावी रोक लगाने, गन्ने से लदे ओवरहाइट एवं ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई कराने की मांगें की। धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली, भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, अजयपाल सिंह, डॉ. अरुण कुमार, मूला सिंह, जय सिंह मास्टर, मुव्वशिर वेग, अकरम अली, प्रदीप राणा, सरदार बलवीर सिंह, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार गुरपेज सिंह, सत्यपाल सिंह, महेंद्र सिंह, जय सिंह, प्रीतम सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, शहजाद अली, जसवंत सिंह, मास्टर मुनेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, फुरकान अली, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी आदि मौजूद रहे।

सुलेख प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। सुहाना फाउंडेशन की ओर से पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी लेखन कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के वर्ग अ में हुमायरा प्रथम, फातिमा द्वितीय, हम्माद तृतीय, वर्ग ब में जोया ने प्रथम, आरव कुमार द्वितीय, इसरा तृतीय, वर्ग स में अजीम प्रथम, आफिया द्वितीय, सुफियान तृतीय, वर्ग द में समरीन प्रथम, फैज हुसैन तृतीय, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता के वर्ग अ में मोहम्मद हमजा द्वितीय, मोहम्मद आयान तृतीय, वर्ग ब में सीफा प्रथम, अरहम द्वितीय, नवीरा तृतीय, वर्ग स में फैज हुसैन प्रथम, आफिया द्वितीय, समरीन तृतीय, वर्ग द में आलिया प्रथम, कुमारी हनी द्वितीय, सूफियान तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन गोविंद सिंह कुशवाहा, निशुपाल व रुपाली पाल ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विद्युत विभाग के पावर स्टेशन पर पेड़ों की नीलामी में धांधली का आरोप, डीएम से शिकायत

11 यूकेलिप्टिस और एक नीम का पेड़ मात्र 1.48 लाख रुपये में नीलाम करने पर उठे सवाल

बिजनौर (चिंगारी)। दारा गंज में विदुर कुटी स्थित विद्युत विभाग के पावर स्टेशन परिसर में खड़े 11 यूकेलिप्टिस और एक नीम के पेड़ की नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पेड़ों की नीलामी में मिलीभगत और अनियमितता का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच और नीलामी निरस्त कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 2 नवंबर 2026 को विद्युत विभाग की ओर से कराई गई नीलामी में एक ठेकेदार ने विभागीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर 11 यूकेलिप्टिस और एक नीम का पेड़ मात्र एक लाख 48 हजार 500 रुपये में खरीद लिए। आरोप है कि नीलामी के दौरान अपने परिचित लोगों से ही बोली लगवाई गई और दूसरे इच्छुक ठेकेदारों को बोली प्रक्रिया में शामिल नहीं होने दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त ठेकेदार वन विभाग में पंजीकृत नहीं है, जबकि उनके अनुसार पेड़ों की नीलामी में बोली लगाने के लिए वन विभाग में ठेकेदारी का पंजीकरण होना अनिवार्य है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि इन पेड़ों की नीलामी पहले भी कराई गई थी, लेकिन कम बोली आने की शिकायत के बाद उसे निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद दोबारा नीलामी में कथित अनियमितताओं के साथ उसी ठेकेदार के नाम पर पेड़ों की नीलामी किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वे इन सभी पेड़ों को 3 लाख 50 हजार रुपये में खरीदने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मौजूदा नीलामी को निरस्त कर पेड़ों को उनके द्वारा प्रस्तावित कीमत पर देने अथवा पारदर्शी तरीके से दोबारा नीलामी कराने के निर्देश दिए जाएं। शिकायत मो. शमीम, मो. हसीन, सय्यद हुसैन, मो. जफर और मुबारिक हुसैन सहित अन्य लोगों की ओर से 3 नवंबर 2026 को जिलाधिकारी को दी गई है। फिलहाल, नीलामी में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि और संबंधित विभाग का पक्ष सामने आना बाकी है।

शिकायतकर्ता 3.50 लाख रुपये में खरीदने को तैयार, नीलामी निरस्त करने की मांग

डॉ. रमेश तोमर ने दीपावली पर सर्वसमाज के गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

मिठाई भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर दी शुभकामनाएं, वक्ताओं ने आगामी चुनाव में बिजनौर से टिकट देने की उठाई मांग

बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर ने दीपावली के अवसर पर अपने आवास पर सर्वसमाज के गणमान्य लोगों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सभी को शॉल ओढ़ाकर और मिठाई भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने तथा संचालन अखलाक पप्पू ने किया। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन रहे। पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी और मंडावर चेयरमैन आसिफ शान सहित वक्ताओं ने डॉ. रमेश तोमर की पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सर्वसमाज के प्रति समर्पण की सराहना की।



वक्ताओं ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के चलते बिजनौर सीट रालोद के खाते में जाने पर डॉ. तोमर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अपना सिंबल वापस लेकर गठबंधन प्रत्याशी का समर्थन करने को उनकी अनुशासनप्रियता बताया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें बिजनौर से प्रत्याशी बनाने की मांग की। डॉ. रमेश तोमर ने कहा कि उनके लिए राजनीति से बढ़कर आपसी भाईचारा और सर्वसमाज का सम्मान है। वह पार्टी की मजबूती और जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। समारोह में किसान नेता प्रभा चौधरी, सत्यपाल सिंह, डॉ. रहमान, हाजी जावेद राईन, कृपारानी प्रजापति, अयूब अहमद, डॉ. जमींरुद्दीन उस्मानी, डॉ. योगेंद्र चौधरी, कामरान जैदी, मदनलाल सैनी, इकबाल प्रधान, चिराग सेठी, मंशाराम सैनी, प्रमोद प्रधान, अहमद खिजर खां, मनोज राजपूत, सभासद जुल्फेकार बेबी, आदिल एडवोकेट, प्रभाकर, प्रिंस, अफजाल पहाड़ी, मुस्तकीम अहमद, शरीफ अहमद, अशोक आर्य, अजहर, विमलेश चौधरी, वक्कार राईन, सिराज जैदी और जीशान आलम एडवोकेट सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

आज धनतेरस का त्यौहार, बाज़ार हुए गुलज़ार



बिजनौर (चिंगारी)। साल भर में जिस एक दिन बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है, वो है धनतेरस। व्यापारियों ने धनतेरस की विशेष और व्यापक तैयारियां की हैं। बाजार दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार है। एक से बढ़कर एक शानदार गिफ्ट आइटम बाजार की रौनक में चार चांद लगा रहे हैं।

दीपावली पर्व का इंतजार व्यापारी पूरे साल करते हैं। यूं तो करवा चौथ से बाजार में रौनक आ जाती है, लेकिन धनतेरस पर बिजनेस पूरे शबाब पर होता है। नगर के व्यापारियों ने धनतेरस की विशेष तैयारियां की हैं। मिट्टी के दीयों से लेकर ज्वैलरी और व्हीकल्स की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद जतायी जा रही है। इलैक्ट्रॉनिक आइटम और रंग-बिरंगी झालरों का बाजार में खासा दखल है। गिफ्ट आइटमों के साथ-साथ मिठाई की भरमार है।

धनतेरस पर नया बर्तन व सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। एक समय था जब बर्तन की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ रहती थी, लेकिन समय बदलने और सम्पन्नता बढ़ने पर बाजार के हर हिस्से में ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार धनतेरस पर तरह-तरह की चीजें खरीदने लगे हैं। इस अवसर पर वाहनों और सोने-चांदी की चीजों की रिकॉर्ड बिक्री होती है। इसी के साथ गिफ्ट आइटमों की बिक्री के हर साल नये कीर्तिमान स्थापित होने लगे हैं।

फूलों व आम की पत्तियों से प्रतिष्ठान व मकान सजाने का चलन बढ़ा



पिछले कुछ वर्षों से धनतेरस पर गेंदे के फूलों व आम की पत्तियों से व्यापारी प्रतिष्ठानों व घरों को सजाने का ट्रेंड चला है। आज सुबह से ही सिविल लाइन में फूलों व आम की पत्तियों की लड़ियों की अनेक दुकानें सज गई हैं। फूलमालाओं के परम्परागत दुकानदारों के साथ-साथ कई अन्य लोगों ने भी सड़क किनारे मेज पर दुकानें सजायी हैं। फूलों व आम की पत्तियों से सजावट को शुभ माना जाता है।



ग्राहकों को आकर्षित करने के लिये दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बहुत आकर्षक ढंग से सजाये हैं। यहां तक कि फुटपाथ पर लगने वाली अस्थायी दुकानों को भी बहुत सुंदर ढंग से लगाया गया है, जिन पर ग्राहक आकर्षित हो रहे हैं।

अनीता तुम कहां हो?

हल्दौर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम कड़ापुर निवासी विक्रम सिंह ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि उनकी पत्नी अनीता (48 वर्ष) गत 3 नवंबर की सुबह करीब 8:00 बजे घर से बिना बताए चली गई है, जिसे उन्होंने परिजनों के साथ कई जगह तलाश किया पर अभी तक उसका पता नहीं चल सका हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की हैं।



ग्रेट इंडियन एकेडमी में वार्षिक एथलेटिक्स मीट-2026 का भव्य आयोजन

न्यूटन हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

झालू (चिंगारी)। ग्रेट इंडियन एकेडमी, झालू के विद्यालय प्रांगण में वार्षिक एथलेटिक्स मीट-2026 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत झालू के चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना विकसित करते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक अर्णव चौधरी एवं अनमोल भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया।

इस आयोजन को सफल एवं यादगार बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा एवं उपप्रधानाचार्य आयुष अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इस एथलेटिक्स मीट में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस एवं टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) प्रमुख आकर्षण रहे। चारों सदनों-एडिसन हाउस, न्यूटन हाउस, टेस्ला हाउस एवं आइंस्टीन हाउस के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के शानदार प्रदर्शन के आधार पर न्यूटन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं एडिसन हाउस द्वितीय, आइंस्टीन हाउस तृतीय तथा टेस्ला हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।



एथलेटिक्स मीट का मशाल जलाकर शुभारंभ करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र चौधरी।

प्रबंधक राकेश गोयल ने सभी के योगदान तथा छात्रों के उत्साह और ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य हमेशा सर्वांगीण विकास की ओर ही अग्रसर रहेगा। प्रबंधन समिति के सदस्य आफताब आलम और सुहैल ने भी मैदान में उमंग और ऊर्जा को एक नया आयाम बताया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

भली लगे या बुरी...

आरोपों-प्रत्यारोपों की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जहां सत्ता पक्ष का दायित्व देश के विकास, सुशासन व जनकल्याणकारी नीतियों को आगे बढ़ना है, वहां दूसरी ओर विपक्ष की जिम्मेदारी सरकार की नीतियों की रचनात्मक समीक्षा करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। लेकिन जब सत्ता पक्ष, विपक्ष की आवाज को ही दबाने लगे और राष्ट्र के हितों का हनन करने लगे तथा विपक्ष की राजनीति रचनात्मक आलोचना के बजाय निरंतर मिथ्या आरोपों, आशंकाओं और नकारात्मक प्रचार तक सीमित होने लगे, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या ऐसी राजनीति वास्तव में लोकतंत्र और समाज के हित में है?

वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच वैचारिक एवं राजनीतिक संघर्ष इसी संदर्भ में चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल सेवाओं, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं में प्रमुखता दी है, तो दूसरी ओर कांग्रेस सहित विपक्षी दल सरकार के निर्णयों और उपलब्धियों पर सवाल उठाते रहे हैं। मोदी सरकार अनेक अवसरों पर मनमानी करती दिखी है। साथ ही, कारपोरेट्स विशेषकर अडानी का सरकार की मेहरबानी संदेह पैदा करती है। उधर, विपक्ष द्वारा लोकतंत्र में सवाल उठाना आवश्यक है, लेकिन सवालों की विश्वसनीयता उनके पीछे मौजूद तथ्यों और प्रमाणों से तय होनी चाहिए। विकास के दावों का मूल्यांकन और राजनीतिक जिम्मेदारी हम सब की है। पिछले वर्षों में भारत में बुनियादी ढांचे, राजमार्गों, रेलवे, डिजिटल भुगतान, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, वित्तीय समावेशन और सरकारी सेवाओं की पहुंच में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। जनधन खातों, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने सार्वजनिक नीति और सरकारी सेवा वितरण को व्यापक राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया है। शायद यही राहुल गांधी और कांग्रेस की पीड़ा है।

धनतेरस

बाज़ार की चमक से परे समृद्ध जीवन का भारतीय दर्शन



▶▶प्रकाश पंकज हल्दौर

भारतीय संस्कृति में पर्व-त्यौहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों, सामाजिक चेतना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता से अभिव्यक्ति हैं। दीपावली के पंचदिवसीय महोत्सव का आरंभ धनतेरस से होता है, जिसे धनत्रयोदशी अथवा धन्वन्तरि त्रयोदशी भी कहा जाता है। दुर्भाग्यवश, आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस पर्व को काफी हद तक खरीदारी और बाजार की प्रतिस्पर्धा तक सीमित कर दिया है। सोना-चांदी तथा महंगी वस्तुओं का क्रय ही समृद्धि का प्रतीक समझा जाने लगा है, जबकि इस तिथि का वास्तविक संदेश कहीं अधिक व्यापक और जीवनोपयोगी है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान धन्वन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का अधिष्ठाता माना जाता है। उनके प्राकट्य की स्मृति में कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धन्वन्तरि त्रयोदशी मनाई जाती है। अमृत कलश आरोग्य, दीर्घायु और जीवन की निरंतरता का प्रतीक है। यह प्रसंग स्मरण कराता है कि संसार की समस्त भौतिक उपलब्धियों में स्वास्थ्य सर्वोपरि है। आयुर्वेद का मूल उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी के विकारों का शमन है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी संतुलित आहार, स्वच्छता, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य को दीर्घकालिक स्वस्थ जीवन का आधार स्वीकार करता है।

इस अवसर पर माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की आराधना आर्थिक संपन्नता का प्रतीक है। किंतु धन की सार्थकता उसके संचय में नहीं, बल्कि सदुपयोग में निहित है। ईमानदारी से अर्जित संपत्ति, जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा का प्रसार और सामाजिक कल्याण में योगदान ही आर्थिक समृद्धि को मानवीय मूल्य प्रदान करते हैं। दिखावे और अनावश्यक उपभोग की प्रतिस्पर्धा वास्तविक खुशहाली का विकल्प नहीं हो सकती।

धनतेरस का संबंध भारतीय खगोल विज्ञान और कालगणना से भी है। त्रयोदशी तिथि सूर्य और चंद्रमा की पारस्परिक कोणीय स्थिति के आधार पर निर्धारित होती है। यह हमारी प्राचीन चंद्र-सौर गणना परंपरा की वैज्ञानिक विरासत का परिचायक है। ज्योतिष और अंकज्योतिष में भी इस तिथि की विभिन्न पारंपरिक व्याख्याएं प्रचलित हैं। वास्तुशास्त्र में स्वच्छ, प्रकाशयुक्त और हवादार आवास को सुखद जीवन के अनुकूल माना गया है। घर की सफाई, रंगोली और दीप प्रज्वलन इसी सांस्कृतिक सोच को अभिव्यक्त करते हैं।



इस पर्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरणीय उत्तरदायित्व भी है। भारतीय दर्शन में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को पंचमहाभूत स्वीकार किया गया है। आज प्रदूषण, गिरता भूजल स्तर और घटते वन क्षेत्र गंभीर चुनौतियां हैं। मिट्टी के दीपकों का प्रयोग, स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन, पटाखों से परहेज, वृक्षारोपण, औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण तथा जल संचयन जैसे प्रयास उत्सव को प्रकृति के अनुकूल बना सकते हैं। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी भावी पीढ़ियों का भविष्य भी सुरक्षित होगा।

धनतेरस पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव का अवसर भी है। बड़ों का आशीर्वाद, बच्चों में बचत एवं संयम की भावना, जरूरतमंदों की सहायता और परस्पर सहयोग हमारी सांस्कृतिक विरासत के आधार हैं। संध्या में यम दीपदान की परंपरा जीवन की अनमोलता और परिवार की कुशलता की मंगलकामना से जुड़ी है।

आज आवश्यकता है कि इस पर्व को केवल भौतिक खरीदारी के बजाय सर्वांगीण जीवन-समृद्धि के दृष्टिकोण से देखा जाए। आर्थिक विकास के साथ नैतिकता, आधुनिकता के साथ संस्कार, व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और विकास के साथ प्रकृति का संतुलन स्थापित करना ही इसकी वास्तविक भावना है।

अंतत: सोना-चांदी भौतिक संपन्नता के प्रतीक हो सकते हैं, लेकिन स्वस्थ शरीर, निर्मल मन, संस्कारित परिवार, शिक्षित समाज और स्वच्छ पर्यावरण ही मानव जीवन की वास्तविक पूंजी हैं।

आइए, इस धन्वन्तरि त्रयोदशी पर केवल तिजोरियां भरने का नहीं, बल्कि जीवन को स्वस्थ, विचारों को उदार, परिवार को संस्कारित और प्रकृति को सुरक्षित बनाने का संकल्प लें। जिस समाज में आरोग्य, संतोष, सद्भाव और संवेदनशीलता का वास हो, वास्तविक समृद्धि वहीं प्रतिष्ठित होती है।

धन की चमक क्षणिक है, किंतु स्वास्थ्य, संस्कार, सद्भाव और प्रकृति की संपन्नता पीढ़ियों तक चलने वाली अमूल्य विरासत है।

धनतेरस : दीपावली की खुशियों का शुभारंभ

-मिस अली

भारत त्यौहारों और परंपराओं का देश है। यहां प्रत्येक त्यौहार अपने साथ कोई न कोई विशेष संदेश, मान्यता और सांस्कृतिक महत्व लेकर आता है। इन्हीं प्रमुख त्यौहारों में से एक है धनतेरस, जिसे धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दीपावली के आगमन का संकेत देता है और कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस का संबंध केवल धन और आभूषणों की खरीदारी से नहीं है, बल्कि यह पर्व हमें धन, स्वास्थ्य और खुशहाली के महत्व को भी समझाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है। इसलिए इस दिन उनकी पूजा करके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की जाती है। धनतेरस के साथ माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा का भी विशेष महत्व है। माता लक्ष्मी को धन और वैभव की देवी तथा भगवान कुबेर को धन का देवता माना जाता है। लोग अपने घरों और दुकानों की साफ-सफाई करते हैं, दीपक जलाते हैं और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और अन्य उपयोगी वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। बाजारों में विशेष रौनक दिखाई देती है और लोग अपने घरों को सजाने की तैयारियां करते हैं। धनतेरस का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका स्वास्थ्य से जुड़ा संदेश है। आज के समय में मनुष्य धन कमाने और भौतिक सुख-सुविधाएं जुटाने की दौड़ में अपने स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि धन का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे पास अच्छा स्वास्थ्य और मानसिक शांति हो। स्वस्थ शरीर और प्रसन्न मन ही सुखी जीवन की वास्तविक नींव हैं, इसके अलावा धनतेरस हमें स्वच्छता, सकारात्मकता और नई शुरुआत का संदेश भी देता है। घर की सफाई करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि अपने आसपास स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा भी है। इस अवसर पर हमें जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और समाज में खुशियां बांटने का संकल्प भी लेना चाहिए। आज धनतेरस का स्वरूप समय के साथ बदल रहा है। पहले जहां लोग मुख्य रूप से अपनी आवश्यकता के अनुसार बर्तन और घरेलू सामान खरीदते थे, वहीं आज सोने-चांदी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी भी इस पर्व का हिस्सा बन गई है। हालांकि, हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि त्यौहार की खुशी दिखावे या अनावश्यक खर्च में नहीं, बल्कि परिवार के साथ बिताए गए सुखद पलों और आपसी प्रेम में होती है। धनतेरस केवल धन प्राप्ति का पर्व नहीं, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य, सुख-शांति, स्वच्छता और समृद्ध जीवन की कामना का प्रतीक है। हमें इस पर्व को उसकी वास्तविक भावना के साथ मनाना चाहिए और यह समझना चाहिए कि जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति हमारा स्वास्थ्य, परिवार का प्रेम और मन की संतुष्टि है।



धन कमाना अच्छी बात है, लेकिन धन से अधिक अनमोल स्वास्थ्य, संस्कार और अपनों का साथ है। यही धनतेरस का वास्तविक संदेश है।

बंगाल स्वीट्स का भव्य शुभारंभ

बिजनौर (चिंगारी)। सिविल लाइन स्थित श्री बांके बिहारी रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन करने के पश्चात अकसर ग्राहकों द्वारा पूछा जाता था कि मीठे में क्या है? ग्राहकों की इसी इच्छापूर्ति के लिये श्री बांके बिहारी रेस्टोरेंट उसी स्थान पर (गिरिलाल पेट्रोल पम्प के पास) अपने नये प्रतिष्ठान बंगाल स्वीट्स का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया तो वातावरण गणमान्य व्यक्तियों की करतल ध्वनि से गूंज उठा। प्रोपराइटर संजय खन्ना एवं सत्यम खन्ना ने बताया कि उनके यहां काजू की अनेक वैरायटियां, काजू चौकोर, काजू लड्डू, काजू कसाटा के साथ बंगाली चमचम, पाकिजा व सूरजमुखी आदि के साथ शुद्ध देसी घी से बनी एक से बढ़कर एक वैरायटियां दीपावली की खुशियों में और मिठास घोल





देंगी। साथ ही नमकीन की अनेक वैरायटियों के साथ चटपटी चाट, गर्मागर्म समोसे के साथ कूकीज की विशाल रेंज भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर सर्वश्री प्रमोद मिश्रा, नवनीत चौधरी (चौधरी भोजनालय), सुरेंद्र कपूर, पंकज चौधरी, शलभ जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रही।

खुर्शीद मंसूरी ने किया चाय की दुकान व रेस्टोरेंट का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के हरिद्वार रोड स्थित आजाद मार्केट के सामने ही महल चाय की दुकान का उद्घाटन साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने दुकान के स्वामी को नई शुरुआत के लिए बधाई तथा कारोबार में तरक्की की दुआ की। कार्यक्रम में कांग्रेस नगर महासचिव नदीम फारूकी, औवेस, अयान, समद, शमीम अहमद, मौलाना समीर आदि मौजूद रहे। उधर नगर के आज़ाद मार्केट के सामने स्थित अल बाइट फास्टफूड रेस्टोरेंट का शुभारंभ नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नजीबाबाद विधानसभा के भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर खुर्शीद मंसूरी ने रेस्टोरेंट के स्वामी अयान अंसारी को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उवैस, अहमद, शाकिब, फैज़ान, शमीम, आतिफ अंसारी, जावेद खान, मुन्ना खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



नगर पंचायत जलालाबाद कार्यालय में जनगणना प्रशिक्षण कार्य का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। जलालाबाद नगर पंचायत सभागार में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मास्टर ट्रेनर एवं प्रभारी बिजनौर जेपी यादव तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जेपी यादव ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसके सटीक आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करने, डिजिटल एंट्री करने तथा जनगणना से संबंधित नए दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ईओ अनूप कुमार रावत ने कर्मचारियों से जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा व समयबद्धता के साथ संपन्न कराने की अपील की। इस मौके पर नौशाद अहमद, नईम अहमद, सोहन सिंह, हिफजुर्रहमान, धीर सिंह, भूरे सिंह, उस्मान, सुहैल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं चयनित प्रगणक व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

चतुर्वेदी होटल के स्वामी निलोहित चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नजीबाबाद की एक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट मे सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुये कुछ नये पदाधिकारियों को जोड़ा गया। बैठक में चतुर्वेदी होटल के स्वामी निलोहित चतुर्वेदी को जिला उपाध्यक्ष, पेट्रोल पम्प स्वामी सरदार जसपाल सिंह राजू को जिला मंत्री, भाविक मित्तल को जिला सह कोषाध्यक्ष, नितिन आहूजा को मंडी समिति का अध्यक्ष, हर्ष राजपूत को सीकेआई शाखा इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किये गये। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजन टंडन गोल्डी, प्रदेश वरिष्ठ युवा उपाध्यक्ष शोभित मित्तल, जिला कोषाध्यक्ष तसनीम सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष अंकित राजपूत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बुरहान अहमद आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



धनतेरस व दीपावली पर बाजारों में दिखी रौनक, जमकर हो रही खरीदारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। धनतेरस व दीपावली त्यौहार के मौके पर नगर के बाजारों में काफी रौनक नजर आई। धनतेरस पर सुबह से ही बाजार सज कर तैयार हो गये। बाजारों में विशेष रूप से दुकानें लगाई गई। धनतेरस व दीपावली के मौके पर बाजारों में व्यापारियों ने अपनी दुकानों को सजावट कर अच्छे ढंग से सजाया। धनतेरस के मौके पर बाजार कल्लूगंज, चौक बाजार, सुराही बाजार व स्टेशन रोड पर काफी रौनक व भीड़ देखने को मिली। लोगों ने बाजारों में मिट्टी के बर्तन व दीपकों के साथ सजावट के सामान, बर्तन व सोना चांदी की जमकर खरीदारी की। धनतेरस के मौके पर बाइक व कार आदि नए वाहनों भी शुभ हुए खरीदारी की गई। बाजारों में पूजा के सामान आदि की भी बिक्री हुई। धनतेरस के मौके पर नगर क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने काफी संख्या में पहुंचकर सुबह से ही सामान की खरीदारी की। धनतेरस के साथ लोगों ने रोशनी के पर्व दीपावली के लिए भी मिठाई, गिफ्ट पैक, चीनी के खिलौनों, रंग-बिरंगी बिजली की झालरों के साथ धार्मिक कलेंडर व पोस्टरों की खरीदारी की। दीपावली के त्यौहार के मौके पर नगर के बाजारों में काफी रौनक व सजावट देखने को मिली।





दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में हुआ दीपावली मेला आयोजित

रंगोली प्रतियोगिता में की छात्राओं ने कला प्रदर्शित


राम मंदिर की रंगोली दिखाते हुए छात्राएं।

धामपुर (चिंगारी)। दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, धामपुर में दीपावली के अवसर पर दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ संस्था की अध्यक्षा डॉ. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, एकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डॉ. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भगवान गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बी.फार्म. तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार बी.सी.ए. प्रथम वर्ष तथा तृतीय पुरस्कार बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया।

मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार बी.एस.सी. प्रथम वर्ष तथा तृतीय पुरस्कार बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि दीपावली प्रेम, सद्भाव, एकता एवं खुशियों का प्रतीक है। संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने कहा कि दीपावली मेला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

छात्राओं ने हस्तकला में अपनी प्रतिभा दिखाई बनाई गई वस्तुओं की कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई


उद्घाटन करते हुए श्रीमती रेनू गोयल।

धामपुर (चिंगारी)। एसबीडी महिला महाविद्यालय, धामपुर में कला विभाग द्वारा 'आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती रेणु गोयल तथा प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रदर्शनी में बीए पंचम सेमेस्टर की खुशनुमा, अक्सा नाजिया मलिक, तृतीय सेमेस्टर की पारूल, शुमायला, समरीन, प्रथम सेमेस्टर की शहाना परवीन आदि छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्राओं ने हस्त कला से निर्मित जैसे मेजपोश, चादर, मुगल कालीन, पेंटिंग, मधुवनी आदि वस्तुएं बनाई। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने चित्रकला विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में छात्राओं की सुन्दर कलात्मक वस्तुओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अन्त में छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन श्रीमती ऋतु कौशिक, चित्रकला विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. बिमला सिंह, डॉ. नीलम पाल, सीमा कौशिक, श्रीमती प्रियंका जैन, कु. सुकीर्ति छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

क्विज में अयान एवं निबंध लेखन में सुमैरा ने पाया प्रथम स्थान

धामपुर (चिंगारी)। जे.के. मॉडर्न लॉ कॉलेज में मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान एवं प्राचार्य प्रदीप राठौर द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। निबंध प्रतियोगिता जहां 'मतदान का महत्व' विषय पर आयोजित की गई। वहीं क्विज प्रतियोगिता में मतदाता सूची तैयार करने, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान प्रक्रिया तथा मतगणना प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में बी.ए.एलएल.बी. प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद अयान ने प्रथम तथा मोहम्मद आतिफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में सुमैरा खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर चेयरमैन जितेंद्र कुमार ने कहा कि जागरूक युवा ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला हैं। प्राचार्य प्रदीप राठौर ने कहा कि मतदाता जागरूकता केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया तथा प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी की समझ भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

एसएसपी ने किया गिफ्ट्स पैलेस का शुभारंभ


प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते हुए एएसपी पूर्वी।

धामपुर (चिंगारी)। स्टेशन रोड स्थित भारत बुक्स, स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट्स पैलेस का गुरुवार शाम को एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालक श्यान शम्सी व जावेद रहमान शम्सी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धामपुर में भारत बुक्स, स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट्स पैलेस के शुरू होने से नगर और आसपास के क्षेत्र के युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेल सामग्री खरीदने के लिए दूसरे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब उन्हें अपने नगर में ही विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी नेता जावेद रहमान शम्सी की पहल पर धामपुर में भारत बुक्स, स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट्स पैलेस की शुरुआत की गई है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा ने कहां कि खेल की प्रतिभाओं को निखारने में यह प्रतिष्ठान नए आयाम स्थापित करेगा। प्रतिष्ठान के डायरेक्टर जावेद रहमान शम्सी ने बताया कि भारत बुक्स, स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट्स पैलेस पर ग्राहकों को पुस्तकें, विभिन्न खेलों से संबंधित सामग्री तथा आकर्षक गिफ्ट आइटम उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, मोहम्मद इमरान उर्फ बदरूद्दीन, हैदर अली आढ़ती, रशीद हुसैन, श्यान शम्सी, असलम फरीदी, सलमान फरीदी, सरदार रविंद्र सिंह सिडाना, शिवेंद्र अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिष्ठान के संचालक जावेद रहमान शम्सी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

त्यौहार पर जाममुक्त रहेंगे बाज़ार - धीरज सोलंकी

कोतवाली में व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों की बैठक संपन्न



धामपुर (चिंगारी)। पांच दिवसीय दीपावली महापर्व पर नगर में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान आतिशबाजी की बिक्री पूर्व निर्धारित के एम इंटर कॉलेज के मैदान में की जाएगी, जहां अग्नि शमन विभाग की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के माकूल प्रबंध रहेंगे और पुलिस बल भी तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, इसलिए इस त्यौहार को हंसी-खुशी के साथ संपन्न करने के लिए पुलिस विभाग हर संभव प्रयास करेगा।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे में बाजारों को जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा आमजन को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए बेरियर लगाकर व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे।

नगीना चौराहा रहेगा अतिक्रमण मुक्त

दीपावली पर्व पर नगीना चौराहे को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए आज धनतेरस से पुलिस को तैनात कर दिया गया है अब चौराहे पर बड़े चार पहिया वाहन खड़े नहीं होंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय कुमार जैन, मुदित अग्रवाल, सरदार गुलशन सिंह मोहन, आदित्य चौहान एडवोकेट, पंकज वर्मा, सभासद प्रभात गुप्ता जौंटी, अमित कुमार अग्रवाल, हाजी जाहिद हुसैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आकर्षण का केन्द्र रहा तीन दिवसीय स्वदेशी मेला



स्वदेशी मेले के समापन समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री कश्मीरी लाल।



मेले में स्वदेशी वस्तुओं का अवलोकन करते हुए श्री कश्मीरी लाल।

बिजनौर (चिंगारी)। नुमाइश ग्राउंड, बिजनौर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्वदेशी मेले के तीसरे दिन स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन श्री कश्मीरी लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कश्मीरी लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने देश की उन्नति के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। स्वदेशी अपनाने से व्यक्ति के साथ-साथ देश की भी उन्नति होगी और भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मेले में बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता, समूह नृत्य, समूह गायन, रंगोली, वेस्ट ऑफ वेस्ट, कंदील एवं बंधनवार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग एक हजार बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में डीपीएस स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गुरुकुल कन्या की छात्राओं ने संस्कृत में समूह गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं के साथ महिला अतिथि।

सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए मेले में 12 जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए प्रति विद्यार्थी 2,500 रुपये के हिसाब से कुल 30,000 रुपये की धनराशि संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रदान की गई, ताकि बच्चों की फीस जमा कराने में सहायता मिल सके। मेले में बच्चों ने ऊंट की सवारी का आनंद लिया। तीन दिवसीय यह मेला शहर भर में आकर्षण का केंद्र बना रहा और लोगों ने उत्साहपूर्वक इसमें सहभागिता की। मेले के सफल आयोजन में प्रांतीय संयोजक प्रशांत महर्षि, जिला संयोजक अजय कुमार वत्स, जिला सहसंयोजक सतीश त्यागी, जिला सम्पर्क प्रमुख कौशल कुमार शर्मा, नगर संयोजक दीपक अरोरा, सुधीर अग्रवाल, अमित गर्ग, उत्तम कुमार तथा मेला समिति की शिप्रा गर्ग, प्रीतिका राठी, सुचि गोयल, उर्वशी महर्षि, नीति सरीन, पूनम गोयल, प्रियंका गर्ग, नीरज लातियान, पूनम मेहरा, निशा राजपूत, विजय सचदेवा, मनुश्री अग्रवाल आदि ने सहयोग किया। अतिथियों के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री डा. रचना पाल, आरवीआईटी के प्रबंधक सनी देशवाल, श्री प्रदीप जैन, आरजेपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, राजेश अरोरा, इंजी. मणि खन्ना, स्वदेशी जागरण मंच के श्री बिजेन्द्र एवं प्रांतीय सहसंयोजक हिमांशु विश्नोई रहे।



150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाये स्कूलों में बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम बताये

बिजनौर (चिंगारी)। यातायात माह के तहत यातायात पुलिस ने कोहरे के दौरान सड़क हादसों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया। इसके तहत 150 से अधिक वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। अभियान में विशेष रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को शामिल किया गया, ताकि कम दृश्यता में भी पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ये दूर से दिखाई दे सकें।

यातायात निदेशालय के निर्देश पर नवंबर माह में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए। कोहरे और रात के समय कम रोशनी में ये टेप चमकते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को सड़क पर खड़े या धीमी गति से चल रहे वाहन दिखाई दे सकें। यातायात पुलिस की टीम ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। बच्चों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, यातायात संकेतों और सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। उन्हें समझाया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी से सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं और जान-माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

आमजन को जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट चस्पां किए गए। राहगीरों और नागरिकों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपने वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने की अपील की है। कोहरे में वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करने, वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखने और विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

कलेक्ट्रेट में हुई घटना की कर्मचारी संघ ने की घोर निंदा

बिजनौर (चिंगारी)। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में 4 नवंबर को हुए विवाद के मामले में उत्तर प्रदेशीय मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए घटना की घोर निंदा की है। इस संबंध में 5 नवंबर को कलेक्ट्रेट बिजनौर में लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूरे मामले पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 4 नवंबर को जिलाधिकारी कार्यालय में हुई घटना के दौरान कुछ अधिवक्ताओं द्वारा अधिकारियों के साथ अभद्रता और धक्का-मुक्की किए जाने की बात संज्ञान में आई है। इस घटना को लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने एक स्वर में घटना की कड़े शब्दों में निंदा की।

बैठक में सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि जिलाधिकारी कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक स्थल पर इस प्रकार की घटना निंदनीय है। कर्मचारियों ने घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी घोर भर्त्सना की। इस अवसर पर जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. उस्मान, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, संरक्षक उमेश कुमार, सुभाष कुमार सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भगवती श्रीलक्ष्मी जी की कृपा से धनतेरस पर होगी धनवर्षा

धनलक्ष्मी के आगमन का पर्व है धनतेरस



-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन



दीपोत्सव पर्व पर धनतेरस का पावन पर्व काफी हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की पौराणिक परम्परा है। धनतेरस से ही दीपावली पर्व का शुभारम्भ हो जाता है। इस बार आज 6 नवम्बर, शुक्रवार, कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि आज 6 नवम्बर, शुक्रवार को दिन में 10 बजकर 31 मिनट पर लगी, जो कि 7 नवम्बर, शनिवार को दिन में 10 बजकर 49 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। हस्त नक्षत्र 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 56 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् चित्रा नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा। विष्कुंभ योग 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 10 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। धनतेरस के दिन आरोग्य के देवता आयुर्वेद शास्त्र के जनक श्री धन्वन्तरि जी का जन्म महोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मन्थन के समय धन्वन्तरि जी अमृत का कलश लेकर अवतरित हुए थे। भगवान धन्वन्तरि जी को आयुर्वेद के प्रवर्तक तथा श्रीविष्णु भगवान के अवतार के रूप में माना जाता है। इस दिन धन्वन्तरि जी की पूजा-अर्चना से आरोग्य-सुख तथा उत्तम स्वास्थ्य का सुयोग बनता है।

व्यवसायी एवं व्यापारी वर्ग शुभ मुहूर्त में बही-खाता एवं प्रयोग में आने वाली अन्य वस्तुएं भी खरीदते हैं। धनतेरस को सम्पूर्ण दिन में अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 36 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है।



ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि धन-सम्पत्ति के लिए धनाधिपति श्रीकुबेर देवता की भी पूजा करनी चाहिए। देवकक्ष में पूजा स्थल पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। पूजा का सर्वोत्तम समय (काशी में) वृषभ लग्न सायं 5 बजकर 45 मिनट से रात्रि 7 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। प्रदोषकाल का समय विभिन्न शहरों का अलग-अलग होता है, जो कि स्थानीय पंचांगों में दिया रहता है। धनतेरस के दिन शुरू किए हुए शुभकार्यों में स्थायी लाभ के साथ ही अच्छी सफलता का सुयोग बनता है। घर, कार्यस्थल व व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आलोकित (प्रकाशमय) रखना चाहिए। धनतेरस का पर्व अपने पारिवारिक धार्मिक परम्परा के साथ मनाना शुभ रहता है।

कलश की अवधारणा को लेकर नये बर्तन और आभूषण खरीदना शुभ फलकारी

धनतेरस के पावन पर्व पर लक्ष्मी-गणेश जी मूर्ति के साथ ही पूजन सामग्री खरीदने की परम्परा है। इस बर्तन के अतिरिक्त नवीन वस्त्र, रजत व स्वर्ण के आभूषण व सोने-चाँदी के सिक्के एवं अन्य मांगलिक वस्तुएं खरीदने से सौभाग्य में अभिवृद्धि होती है। आज के दिन बर्तन खरीदने से अधिक लाभ एवं लक्ष्मी का स्थायी निवास मिलता है।

धनतेरस पर ऐसे करें पूजा

सायंकाल स्नान के पश्चात् स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करके अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के बाद प्रदोषकाल व शुभ मुहूर्त में संकल्प लेकर श्रीगणेश जी, श्रीलक्ष्मी जी तथा धन के देवता श्रीकुबेर जी की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना करनी चाहिए। पूजा-अर्चना में काले-नीले रंग के वस्त्र धारण नहीं करने चाहिए। आज के दिन खरीदे गए नवीन बर्तन में उत्तम मिष्ठान्न, फल एवं मेवे आदि माँ भगवती लक्ष्मीजी को अर्पित करने चाहिए। देशी घी का दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। अखण्ड ज्योति जलाने की भी मान्यता है। भगवती लक्ष्मीजी की पूजा कमल के फूल से करनी चाहिए तथा कमलगट्टा के माला से श्रीलक्ष्मीजी के मन्त्र 'श्रीं', 'ॐ श्रीं नमः', 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं' अथवा 'ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' का जप करना लाभकारी रहता है।

यम के निमित्त प्रज्वलित करें दीपक

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि धनतेरस से दीपावली या भैयादूज तक सायंकाल प्रदोषकाल में घर के प्रवेश द्वार के बाहर दोनों ओर यम के निमित्त एक पात्र में अन्न रखकर उसके ऊपर दीप दान करने से यमराज भी प्रसन्न होते हैं, इसको यमदीप कहा जाता है। दीपक की चावल, फूल, धूप, सुगन्ध आदि से पूजा-अर्चना करने से जीवन में अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

सुख-समृद्धि के लिए जन्म तारीख/राशि के अनुसार करें खरीददारी

जन्म तारीख के अनुसार

जन्मतिथि किसी भी माह की 1, 10, 19 व 28 हो, उनके लिए लाल, गुलाबी, केसरिया। 2, 11, 20 व 29 वालों के लिए सफेद व क्रीम। 3, 12, 21 व 30 के लिए सभी प्रकार के पीला व सुनहरा पीला। 4, 13, 22 व 31 के लिए सभी प्रकार के चमकीले, चटकीले मिले-जुले व साथ ही हल्का स्लेटी रंग। 5, 14 व 23 के लिए हरा, धानी व फिरोजी रंग। 6, 15 व 24 के लिए सफेद व चमकीला सफेद अथवा आसमानी नीला। 7, 16 व 25 के लिए चमकीला, स्लेटी व ग्रे रंग। 8, 17 व 26 के लिए काला, ग्रे व नीला रंग। जबकि 9, 18 व 27 के लिए लाल, गुलाबी व नारंगी रंग। राशि के अनुसार करें रंगों का चयन—मेष-लाल, गुलाबी एवं नारंगी। वृषभ-सफेद एवं क्रीम। मिथुन-हरा व फिरोजी। कर्क-सफेद व क्रीम। सिंह-केसरिया, लाल व गुलाबी। कन्या-हरा व फिरोजी। तुला-सफेद व हल्का नीला। वृश्चिक-नारंगी, लाल व गुलाबी। धनु-पीला व सुनहरा। मकर व कुम्भ-भूरा, स्लेटी व ग्रे। मीन-पीला व सुनहरा।

47 वर्षों से बरकरार है मिठास का यह रिश्ता

बिजनौर के खेमचंद गुप्ता की जलेबी का स्वाद आज भी लोगों की जुबां पर कायम

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर की पहचान सिर्फ उसके ऐतिहासिक स्मारकों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत से ही नहीं, बल्कि यहां के पारंपरिक खानपान से भी है। इसी विरासत की एक बेहद मीठी पहचान है बिजनौर के गुप्ता चौक जानी चौराहे पर स्थित श्री खेमचंद गुप्ता की जलेबी की दुकान, जो पिछले 47 वर्षों से शहरवासियों को अपने स्वाद का दीवाना बनाए हुए है।

कुछ दुकानें केवल व्यापार का केंद्र नहीं होतीं, बल्कि वे शहर की यादों, किस्सों, पुरानी पीढ़ियों और बदलते वक्त की गवाह भी होती हैं। ऐसी दुकानों की पहचान उनके बड़े-बड़े बोर्ड, आकर्षक सजावट या आधुनिक तौर-तरीकों से नहीं, बल्कि उस स्वाद से होती है, जो वर्षों बाद भी लोगों की जुबां पर कायम रहता है। गुप्ता जी की जलेबी की दुकान भी ऐसी ही एक पहचान है। बिजनौर शहर में सुबह की शुरुआत अगर गरमा-गरम जलेबी और नाश्ते की खुशबू के साथ हो तो दिन अपने आप खुशनुमा हो जाता है। गुप्ता चौक से गुजरते हुए जब गर्म तेल में छनती जलेबियों की खुशबू हवा में घुलती है तो कदम अपने आप उस पुरानी दुकान की तरफ मुड़ जाते हैं। कढ़ाही में गोल-गोल घूमती जलेबियां सुनहरी होती उनकी परत और फिर गरमा-गरम चाशनी में डुबकी लगाती जलेबी को देखना भी अपने आप में एक अलग अनुभव है।



वक्त बदल गया, शहर बदल गया, पीढ़ियां बदल गईं मगर नहीं बदला तो गुप्ता जी की जलेबी का स्वाद!

47 साल पुरानी दुकान लेकिन स्वाद में आज भी वही पुरानापन। श्री खेमचंद गुप्ता की यह दुकान बिजनौर के खानपान की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। चार दशक से अधिक का यह सफर केवल एक दुकान का सफर नहीं, बल्कि शहर की बदलती जिंदगी के बीच स्वाद और परंपरा को बचाकर रखने की कहानी भी है। जब इस दुकान की शुरुआत हुई होगी, तो उस दौर का बिजनौर आज के बिजनौर से काफी अलग रहा होगा। वक्त के साथ शहर में तमाम बदलाव आए, पुराने मकानों की जगह नई इमारतें बन गईं, बाजारों का विस्तार हुआ, कारोबार के तौर-तरीके बदले और खानपान में भी आधुनिकता आ गयी, लेकिन इन तमाम बदलावों के बीच गुप्ता जी की दुकान ने अपनी पारंपरिक पहचान और स्वाद को बनाए रखा। आज भी वही पुरानी दुकान न कोई बोर्ड न कोई बैनर, बस गुप्ता जी का नाम चलता है। इस दुकान की सबसे बड़ी खूबी यही है कि यहां आने वाले लोगों के लिए जलेबी सिर्फ एक मिठाई नहीं, बल्कि पुरानी यादों का स्वाद भी है। किसी के लिए यह बचपन की याद है, किसी के लिए स्कूल-कॉलेज के दिनों का नाश्ता और किसी के लिए परिवार के साथ बाजार आने की एक मीठी परंपरा।



प्रस्तुति : तैय्यब अली

सीए/सीएमए/सीएस मॉक टेस्ट चैम्पियनशिप में रहा शानदार परफॉर्मेंस



नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्राइट पाथ कॉमर्स एकेडमी द्वारा आयोजित सीए/सीएमए/सीएस छात्रों के लिए 5जी बीपीसीए मॉक टेस्ट चैम्पियनशिप का आयोजन वसंतकुंज कॉलोनी स्थित ब्राइट पाथ कॉमर्स एकेडमी पर किया गया। जिसमें सीए फाउंडेशन एवं इंटरमीडिएट लेवल पर आरुषि अग्रवाल, विक्रांत आहूजा, सचिन, कान्हा वर्मा अव्वल रहे। सीएमए फाउंडेशन एवं इंटरमीडिएट लेवल पर प्रथम कपूर, हर्ष गोयल, शिखा सिंह, मोहम्मद अर्शियान, अबूबकर, गौरव प्रजापति, जुल्फिकार अहमद अव्वल रहे। सीएस के सीएसईईटी एवं एक्जीक्यूटिव लेवल पर वंशिका चौहान, अंशिका गुप्ता, भक्ति आदि छात्र-छात्राएं अव्वल रहे। इस मौके पर ब्राइट पाथ कॉमर्स एकेडमी के संचालक निखिल शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट का आयोजन समय-समय पर छात्रों के लिए किया जाता है, जिसमें प्रतिभाग करके छात्र सीए/सीएमए/सीएस जैसे उच्चस्तरीय कोर्सेज की मुख्य परीक्षाओं की तैयारियों को पूर्ण रूप दे पाते है। साथ ही कहा कि सीए/सीएमए/सीएस कोर्सेज में किसी भी विषय से 12 वीं उत्तीर्ण छात्र इन प्रोफेशनल कोर्स को करके अपनी भविष्य को सुगम एवं उपयोगी बना सकते है। इन प्रोफेशनल की डिमांड सरकारी एवं गैर-सरकारी निकायों में है। इस मौके पर छात्र एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटद्वार रोड में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा व कल्पनाशीलता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगों एवं आकर्षक डिजाइनों से मनमोहक रंगोलियां बनाईं। रंगों के सुंदर संयोजन व अनूठी कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी कला प्रतिभा को निखारना तथा उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास व टीम भावना को बढ़ावा देना था। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह ने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा व प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रकार प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



कुरआन-ए-करीम हिफ्ज़ करने वाले चार हाफिज़ों की दस्तारबंदी

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा जलालाबाद में मदरसा अंजुमन की ओर से कारी नौशाद की सरपरस्ती में भव्य इस्लाह-ए-मुआशरा एवं दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख उलेमा, धार्मिक विद्वानों एवं गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस दौरान समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द, शिक्षा, नैतिक मूल्यों व धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में मौलाना मुफ्ती मोहम्मद खालिद, मौलाना मोहम्मद अल्ताफ, कारी हज़रत मोहम्मद इकरार तथा मौलाना अब्दुल रऊफ ने शिरकत की। हज़रत मौलाना अब्दुल रऊफ जामा मस्जिद के इमाम एवं खतीब हैं। कार्यक्रम का आगाज कुरआन-ए-करीम की तिलावत से हुआ, जिसकी जिम्मेदारी कारी मोहम्मद इकरार ने निभाई। इस मौके पर कुरआन-ए-करीम हिफ्ज़ करने वाले चार विद्यार्थियों हाफिज़ मोहम्मद रिजवान, हाफिज़ मोहम्मद सईद, हाफिज़ मोहम्मद सईद एवं हाफिज़ मोहम्मद साहिल की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी ने बच्चों की मेहनत, लगन व धार्मिक शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए हौसला अफजाई की। इस्लाह-ए-मुआशरा के तहत वक्ताओं ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने, आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने तथा नई पीढ़ी को बेहतर तालीम व अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व संस्कार ही समाज की तरक्की का मजबूत आधार हैं। कार्यक्रम आयोजक कारी नौशाद ने कार्यक्रम में शिरकत करने वाले सभी उलेमा, मेहमानों एवं क्षेत्रवासियों व कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही थी शराब

शराब को बिहार में बेचने की थी योजना

बिजनौर (चिंगारी)। चांदपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब की 327 पेटियां बरामद की हैं। पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार किया है। शराब को बिहार में बेचने की योजना थी। शराब की खेप पहुंचाने के लिए चालक को 50 हजार रुपये देने का लालच दिया गया था।

एएसपी देहात गौतम राय ने बताया कि बुधवार को चांदपुर पुलिस बवनपुरा चौकी पर बैरियर लगाकर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान ट्रक संख्या यूपी 53 ईटी 8866 को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में नमक के 650 कट्टे लदे थे। पुलिस ने जब नमक के कट्टों को हटाकर तलाशी ली तो नीचे छिपाकर रखी गई चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब की 327 पेटियां बरामद हुईं।

पुलिस ने मौके से ट्रक चालक अनिल कुमार पांडेय निवासी गोपालगंज, बिहार और क्लीनर शीशपाल कुशवाहा निवासी कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अनिल ने बताया कि कुछ दिन पहले कुशीनगर में उसकी



मुलाकात विकास नाम के व्यक्ति से हुई थी। विकास ने शराब से भरा ट्रक निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के बदले 20 हजार रुपये, प्रतिदिन 500 रुपये खाने-खर्चे के लिए और ट्रक पहुंचाने पर 30 हजार रुपये अतिरिक्त देने का लालच दिया था।

आरोपियों के मुताबिक, विकास के कहने पर अनिल ट्रक लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर फेस-02 स्थित पेट्रोल पंप के पास खाली मैदान में पहुंचा था, वहां एक व्यक्ति ने ट्रक में शराब भरवाकर उसे वापस किया। शराब को छिपाने के लिए ऊपर और बाहर नमक के कट्टे लगा दिए गए। साथ ही नमक के परिवहन से संबंधित बिल और ट्रांसपोर्ट के कागजात भी दिए गए, ताकि रास्ते में चैकिंग होने पर किसी को शक न हो।

इसके बाद दोनों आरोपी ट्रक लेकर चंडीगढ़ से मेरठ, गजरौला, धनौरा और बिजनौर होते हुए कुशीनगर जा रहे थे। वहां विकास के भेजे व्यक्ति को ट्रक सौंपना था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि शराब उतरवाने के बाद ट्रक वापस कर दिया जाना था और उन्हें तय रकम मिलनी थी। शराब बिहार में बेचने की योजना थी।

पेटियों में थी चार ब्रांड की शराब

पुलिस ने ट्रक से ओल्ड हैबिट व्हिस्की की 291 पेटियां, सुपर जुबली स्पेशल व्हिस्की की 20 पेटियां, रॉयल मेंशन गोल्ड व्हिस्की की चार पेटियां और सुपर जुबली गोल्ड रिजर्व व्हिस्की की 12 पेटियां बरामद की हैं। इनके अलावा एक मोबाइल फोन और 3150 रुपये नकद भी मिले हैं। शराब की कुल 327 पेटियों के साथ ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खारा आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के पेराई सत्र का शुभारम्भ

मिल गेट पर पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को किया सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद में गुरुवार को गन्ना पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ विधि विधान से हुआ। शुभारंभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ किया गया। मिल के सचिव/प्रधान प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, वाइस चेयरमैन कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार यादव सहित अतिथियों ने मिल की चेन में गन्ने की पूली डालकर पेराई सत्र का श्रीगणेश किया। हवन-यज्ञ की समस्त क्रिया पंडित जितेन्द्र डबराल व अभिनव डबराल ने संपन्न कराई। पेराई सत्र के शुभारंभ पर प्रथम ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लाने वाले किसान नेता मदन चौहान व सौरभ चौहान, टिप्पलर से गन्ना लाने वाले किसान परवीन सिंह और बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले किसान सरजीत सिंह को सम्मानित किया गया। मिल गेट पर बैलगाड़ी में जुड़े बैलों और ट्रैक्टर-ट्रॉली का तिलक लगाकर श्रीफल तोड़ा गया। प्रधान प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा व वाइस चेयरमैन कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रथम गन्ना लाने वाले किसानों को शॉल ओढ़ाकर, तिलक लगाकर और नकद धनराशि भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी कुलवीर सिंह, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक व चीनी मिल के डायरेक्टर राघव प्रताप एडवोकेट, अजीत चौहान, पिताम्बर सिंह, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह, किसान मजदूर संगठन मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष ठाकुर पुखराज सिंह चौहान, मिल के सीए नीरज पांडेय, मुख्य रसायनविद् राधेश्याम गुप्ता, मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी दमनेश कुमार राय मौजूद रहे।

आबादी क्षेत्र में घुसे हाथी, ग्रामीणों में हड़कम्प मचा

बढ़ापुर (चिंगारी)। जनपद में हाथी भी अब इंसानों की बस्तियों में पहुंचने लगे हैं। गुरुवार को हाथियों का एक झुंड थाना क्षेत्र के गांव दोदराजपुर स्थित मिशनरी संस्था आशादीप के सामने पहुंच गया। उस स्कूल में पढ़ रहे 1300 विद्यार्थियों की छुट्टी होने वाली थी। हाथियों के झुंड को देखकर स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को वहां से खदेड़ा। इसके चलते लगभग आधा घंटे विलम्ब से बच्चों की छुट्टी की गई। इस दौरान हाथियों के झुंड ने सैकड़ों बीघा गन्ने की फसल को भी बर्बाद कर डाला है।



थाना क्षेत्र के गांव दोदराजपुर स्थित मिशनरी संस्था आशादीप का पालना भवन तथा सेंट जोसेफ हाई स्कूल है। पालना भवन में दिव्यांग व बेसहारा बच्चे रहते हैं, जबकि स्कूल में 1300 बच्चे पढ़ रहे हैं। गुरुवार को लगभग 2 बजे हाथियों का एक झुण्ड जंगल से निकलकर 8 से 10 किलोमीटर दूरी तय करके स्कूल एवं पालना भवन के सामने पहुंच गया। बताया जाता कि हाथियों के झुंड में 8 से 10 हाथी शामिल थे। अचानक स्कूल के सामने हाथियों का झुंड देखकर स्कूल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। जिस समय हाथी स्कूल के सामने पहुंचे उसके 20 मिनट बाद ही स्कूल की छुट्टी होने वाली थी। स्कूल के सैकड़ों छात्र साइकिल, बाइक, ई रिक्शा व बसों के द्वारा अपने घरों तक पहुंचते हैं। हाथियों के झुंड को देखकर विद्यालय प्रशासन ने तुरंत ही साहूवाला रेंज कार्यालय को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गोले छोड़कर हाथियों को वहां से खदेड़ा। जब वन विभाग की टीम ने स्कूल प्रशासन को आश्वस्त किया कि हाथी अब वहां से चले गए हैं उसके बाद ही स्कूल की छुट्टी की गई।

खेतों में मचाया उत्पात

हाथियों के झुंड ने कई घंटों तक खेतों में जमकर उत्पात मचाया, जिससे किसानों की गन्ने की फसल हाथियों के पैरों तले रौंद जाने से बर्बाद हो गई। किसान प्रेम सिंह बताते हैं कि क्षेत्र के किसानों की 100 बीघा से अधिक गन्ने की फसल हाथियों ने बर्बाद कर डाली है। इस संबंध में आशादीप संस्था के डायरेक्टर फ्रांसिस के ऐओ बताते हैं कि हाथियों का जंगल से निकलकर मानव बस्ती में पहुंचना चिंता का विषय है। सेंट जोसेफ स्कूल में क्षेत्र के 1300 बच्चे पढ़ने आते हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं। उधर इस संबंध में साहूवाला रेंज के रेंजर रामवृक्ष का कहना है सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी, हाथियों को जंगल में खदेड़ दिया गया है। स्कूल के आसपास कांबिंग कराई जाएगी।

सेंट मेरी स्कूल में तीन दिवसीय सांस्कृतिक व साहित्यिक समारोह का भव्य समापन

बिजनौर (चिंगारी)। सेंट मेरीज स्कूल, बिजनौर में गुरुवार को 12वें इंटर स्कूल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह का समापन हुआ। तीन दिवसीय समारोह में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 31 विद्यालयों के 1083 प्रतिभागियों ने विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बिजनौर कृष्ण कुमार बिश्नोई (आईपीएस), विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं बिजनौर डायोसिस शिक्षा समिति के अध्यक्ष बिशप विंसेंट नेल्लैपरम्बिल, सेवानिवृत्त बिशप जॉन वडक्कल, बिजनौर डायोसिस शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष फादर फ्रांसिस, विद्यालय प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज, समारोह संयोजक फादर जिंटो जिमसन तथा प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर फादर जोमी जोस, फादर लिंटू सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।



प्रतियोगिताओं के परिणामों में मेजबान सेंट मेरीज स्कूल, बिजनौर ने शानदार प्रदर्शन किया। हिंदी एक्सटेम्पोर (जूनियर) में ध्वनि भारद्वाज तथा इंग्लिश एक्सटेम्पोर (जूनियर) में शिप्रा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश एक्सटेम्पोर (सीनियर) में खुलूद हुसैन ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक में भी विद्यालय के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेमी-क्लासिकल डांस में सेंट मेरीज स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। हिंदी ग्रुप सॉन्ग (जूनियर एवं सीनियर) में भी विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस सीनियर ग्रुप में रिवी गर्ग ने प्रथम तथा जूनियर ग्रुप में सिदरा उस्मानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। ओवरऑल सीनियर कैटेगरी विजेता धैर्य बैंथियल सेंट थेरेसा स्कूल श्रीनगर रहे। समग्र परिणामों में सेंट थेरेसा स्कूल, श्रीनगर प्रथम स्थान तथा मेजबान सेंट मेरीज स्कूल, बिजनौर द्वितीय स्थान पर रहे।

मेधावियों को सम्मानित किया

बिजनौर डायोसिस शिक्षा समिति द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2026-27 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समिति की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को दस हजार की नकद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में सेंट मेरीज इंटर कॉलेज, मंडावली की नेहा रावी तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में इसी विद्यालय की अलीना खातून एवं सिमरन अंसारी को नकद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विदुर कुटी घाट पर लगेगा गंगा स्नान मेला

24 नवंबर को होगा मुख्य स्नान पर्व

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में कार्तिक गंगा स्नान मेला 2026 का आयोजन आगामी 20 नवंबर से 24 नवंबर तक तहसील बिजनौर के ग्राम दारानगर गंज स्थित विदुर कुटी के गंगा घाट पर किया जाएगा। मेले का मुख्य पर्व 24 नवंबर, मंगलवार को संपन्न होगा। मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिये हैं।

एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा को बनाया गया मेला मजिस्ट्रेट

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बिजनौर द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी (सदर) बिजनौर स्मृति मिश्रा को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया है।

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में मेला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित अवधि में मेले का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

कार्तिक गंगा स्नान मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु आवागमन के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य मेले को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के गंगा स्नान कर सकें।

बेखौफ होकर करें व्यापार, पुलिस गश्त करेगी लगातार

किरतपुर (चिंगारी)। दीपावली के त्यौहार के अवसर पर बाजारों में भारी भीड़ के मद्देनजर कल शाम सीओ सुनील कुमार सिंह व थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गों पर पुलिस ने गश्त किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाया कि दुकान का सामान ज्यादा बाहर न रखें, जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। रास्ते में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की हिदायत दी और साथ ही व्यापारियों से कहा कि संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। यदि किसी व्यापारी का कोई समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने चिंगारी से वार्ता करते हुए बताया कि बाज़ार में 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी और पुलिस गश्त भी लगातार जारी रहेगी। गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।



सामान लेने के बहाने आये गल्ले से 40 हजार उड़ाये

मण्डावर (चिंगारी)। कस्बे में चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला मौहल्ला शाहविलायत का है, जहां दिनदहाड़े परचून की दुकान के गल्ले से 40 हजार रुपये चोरी कर लिए गए। दुकानदार नवेद अली पुत्र आबिद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने घर पर ही सैयद किराना स्टोर खोला हुआ है। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे उसके पिता दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक दुकान पर सामान लेने के बहाने पहुंचे। सामान लेते-लेते एक युवक ने मौका पाकर गल्ले में रखे 40 हजार रुपये निकाल लिए और दोनों बाइक से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब नवेद अली दुकान पर पहुंचा तो गल्ले में रुपये गायब देखकर उसके होश उड़ गए। पिता ने पूरी घटना बताई। आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि परचून की दुकान से 40 हजार रुपये चोरी होने की तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है और सीसीटीवी फुटेज चैक किए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

धामपुर में अवैध निर्माण का मामला सामने आने पर डीएम ने दिखाई सख्ती

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विनियमित क्षेत्रों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न तहसीलों के विनियमित क्षेत्र से जुड़े मामलों की तहसीलवार एक-एक कर सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान तहसील धामपुर के विनियमित क्षेत्र में अवैध निर्माण का मामला सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उपजिलाधिकारी धामपुर को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र में

जेई को नोटिस जारी करने के निर्देश

अवैध निर्माण के संबंध में अवर अभियंता (जेई) को नोटिस जारी किया जाए और मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निर्माण नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विनियमित क्षेत्रों में निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप ही होने चाहिए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध निर्माण को गंभीरता से लिया जाए। संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्रों में निर्माण संबंधी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करें।

अधिवक्ताओं ने भी रखा अपना पक्ष

बैठक में विनियमित क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई के दौरान संबंधित प्रकरणों के प्रतिवादियों के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने-अपने पक्षकारों की ओर से पक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रस्तुत तथ्यों एवं प्रकरणों पर विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संबंधित तहसीलों के अधिकारी तथा विभिन्न प्रकरणों से जुड़े अधिवक्ता उपस्थित रहे।

समाचार छपते ही विभाग ने बींड-पूले हटवाये



सड़क पर झुके बींड-पूले को हटाती जेसीबी मशीन

नांगल सोती (चिंगारी)। 'चिंगारी' में समाचार प्रकाशित होने के बाद सिंचाई विभाग ने नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग पर झुके बींड-पूले को जेसीबी मशीन चलवाकर हटवा दिया है। सड़क पर झुका बींड-पूला दुर्घटनाओं का सबब बन रहा था।

नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दुपहिया और चौपहिया वाहन गुजरते हैं। हरिद्वार की ओर से नांगल, बिजनौर की ओर आने वाले वाहन चालक तथा बिजनौर, नांगल की ओर से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून जाने वाले वाहन चालक इस मार्ग का प्रयोग करते हैं। यह मार्ग नांगल से भागूवाला तक का शॉर्टकट है। जबकि नहर के आसपास बसे कई गांवों के व्यक्तियों का भी यही मुख्य मार्ग है। तड़के से देर रात्रि तक यह मार्ग व्यस्त रहता है। इस नहर पटरी मार्ग पर बींड-पूला झुका होने से वाहन चालक विशेषकर दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। विगत 28 अक्टूबर को बाइक चालक कामेन्द्र राजपूत निवासी खानपुर तथा उससे 10 दिन पहले कार्तिक निवासी मायापुरी घायल हो गया था। कामेन्द्र राजपूत अभी भी देहरादून के एक हॉस्पिटल में उपचाराधीन है। ग्राम सराय आलम तथा कोटसराय के बीच यह समस्या सबसे ज्यादा थी। 'चिंगारी' ने सड़क दुर्घटनाओं की वजह बन रही इस गंभीर समस्या को 29 अक्टूबर, 2026 के अंक में पृष्ठ संख्या 12 पर शीर्षक 'दुर्घटना का सबब बना बींड-पूला' के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड -2, हरिद्वार के अधिशासी अभियंता योगेश निम ने सम्बन्धित एसडीओ को सड़क पर झुके बींड-पूले को हटवाने के निर्देश दिये थे। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर जेसीबी मशीन चलवाकर सड़क पर झुके बींड-पूले को हटा दिया गया है। जो झूंड सड़क पर ज्यादा झुके हुए थे, उनकी जड़ ही निकाल दी गई है, ताकि अगले साल वे फिर से सड़क पर न झुकें। इससे वाहन चालकों विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया

नांगल सोती निवासी गार्विन चौधरी, अजीत कर्णवाल, ललित शर्मा, मायापुरी निवासी विपिन कुमार, तरुण कुमार, सराय आलम निवासी रोहित कुमार, निशांत कुमार, हुकम सिंह, जालपुर निवासी जितेन्द्र सिंह, युधिष्ठिर अहलावत, मनजीत सिंह, श्रवण अहलावत सहित काफी व्यक्तियों ने इसके लिये 'चिंगारी' तथा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता योगेश निम का धन्यवाद किया है।

हेजलमून स्कूल के बच्चों ने शूटिंग में पदक जीते



चांदपुर (चिंगारी)। द हेज़लमून स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्राम नंगला गोसाईं में आयोजित 4 दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अन्वी ढाका-10 मीटर एयर राइफल (N.R.), सब-यूथ बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक, वंशिका-10 मीटर एयर राइफल (N.R.), सीनियर बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक, धैर्य-10 मीटर एयर राइफल (N.R.), बालक वर्ग में कांस्य पदक व हर्षी यादव- ISSF सीनियर कैटेगरी बालिका वर्ग में रजत पदक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्य गरिमा सिंह ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों का खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना गर्व की बात है।

बाप-बेटे के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव आलमपुर एड़वा निवासी महिला अनुज कुमारी ने पुलिस को बताया कि गत 3 नवम्बर की शाम समय करीब 6 बजे वह अपने घर पर थी। इस दौरान गांव निवासी योगेन्द्र पुत्र हरपाल सिंह शराब पीकर आया और उसके घर वालों को गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा, उसने मना किया तो वह अपने बेटे शुभम के साथ घर में घुस आया और आते ही उसके व उसके ससुर के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा नीचे जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारा। आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन



नूरपुर (चिंगारी)। यहां मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में बृहस्पतिवार को गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान संयुक्त रूप से अरावली व शिवालिक हाउस, द्वितीय स्थान नीलगिरी हाउस, तृतीय स्थान विंध्याचल हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज रचना यादव, मंजू गोयल, दलबीर सिंह, राहुल कुमार, दीपा रानी, अतुल कुमार, सुहानी चौधरी, स्वाति चौहान, अमृता यादव आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने सभी को बधाई दी।

स्कूल बस टकराई, ट्रैक्टर ने पलटी खाई

चांदपुर (चिंगारी)। आज सुबह छात्रों को लेने जा रही एक स्कूल की बस व ट्रैक्टर की आमने-सामने से टक्कर हो जाने से जहां बस काफी क्षत्रिग्रस्त हो गई, वहीं ट्रैक्टर साइड में स्थित खाई में पलट गया,यह तो गनीमत रही उस समय बस खाली थी। आज सुबह नगर स्थित एक स्कूल की बस बच्चों को लेने के लिए चांदपुर-पैजनिया मार्ग पर जा रही थी। ग्राम खेड़की के नजदीक सामने से आ रहे ट्रैक्टर व बस की भिड़ंत हो जाने, बाद में बस अनियंत्रित हो जाने से सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई, वहीं ट्रैक्टर भी खाई में पलट गया, जिससे बस का काफी नुकसान हुआ। बस व ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से घायल हो गये।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)

वेबसाइट-NPPDHAMPUR.CO.IN दूरभाष नं.-01344-297070

पत्रांक:- 619 (1) /2026-27 दिनांक: 05-11-26

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद धामपुर जनपद बिजनौर द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन नगरीय-2.0' से प्राप्त धनराशि से सार्वजनिक /सामुदायिक शौचालय एवं यूरिनल निर्माण के 05 कार्य ऑनलाइन निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु दिनांक 27.11.2026 समय सायं 05:00 बजे तक वेबसाइट पर निविदायें डाल सकते हैं। उक्त कार्य हेतु समस्त ठेकेदार, बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलैक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स आदि प्रतिभाग कर सकते हैं।

Tender refrence	Ltr. No. न.पा.प.धा./निविदा/ 2026-27
Publish and Times for RFP	06-11-2026 11:00 AM
Last Date and Times For Submission Of Tender	27-11-2026 05:00 PM
Date Of Times Of opening Tender	28-11-2026 11:00 AM
Place Of opening of Tender	Office Nagar Palika Parishad Dhampur
Tender Security	10% of Tender Value
Tender Document Processing	As Per tender Documents

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, धामपुर
जिला-बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, धामपुर
जिला-बिजनौर

दिवाली से हिन्दू-मुस्लिम दोनों ही सम्प्रदायों के कुम्हारों की जुड़ी होती हैं उम्मीदें

नांगल सोती (चिंगारी)। नांगल में हिंदू और मुस्लिम दोनों संप्रदायों के कुम्हार, दीपावली के दीये और अन्य बर्तन बनाते हैं। दीपावली के त्यौहार से दोनों ही संप्रदायों के कुम्हारों की उम्मीदें, आशायें जुड़ी हैं।

भारत विविधताओं में एकता वाला देश है। यहां वर्षभर विविध त्यौहार आते रहते हैं। त्यौहार किसी भी धर्म, संप्रदाय से सम्बन्धित हो, मगर उससे आशायें/उम्मीदें सभी को होती हैं। नांगल के सीमावर्ती ग्राम जीतपुर खास में मुस्लिम कुम्हार अब्दुल मजीद, सूफी खुर्शीद और सूफी फारुख चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाते हैं। पूर्व में कुम्हारों के सभी परिवारों में मिट्टी के बर्तन बनाये जाते थे। दीपावली, गंगा स्नान पर बड़ी संख्या में मिट्टी के बर्तन तैयार किये जाते थे। मगर वर्तमान में उपरोक्त तीन व्यक्तियों के परिवार में ही मिट्टी के बर्तन बनाये जाते हैं। नांगल के दूसरे सीमावर्ती गांव शहजादपुर में हरिओम प्रजापति तथा मंगत प्रजापति के द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाये जाते हैं। समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर में नीलाराम प्रजापति, रामू प्रजापति, राजेश प्रजापति, रामकुमार प्रजापति, आत्माराम प्रजापति के घरों में बड़ी संख्या में मिट्टी के बर्तन बनाये जाते हैं। दीपावली सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है। लेकिन पर्व पर दीये, छोटे-बड़े घड़े, हंडिया आदि मिट्टी के बर्तन बिकने पर उससे घर में चार पैसे आने की आस हिन्दू, मुस्लिम दोनों संप्रदायों के कुम्हारों को होती है। दोनों ही संप्रदायों के कुम्हारों ने लोगों के घरों में दीये, घड़े, हंडिया आदि बर्तन पहुंचाने शुरू कर दिये हैं।


मिट्टी के दीये सुखाने को धूप में रखते शहजादपुर के अक्षित प्रजापति।


मिट्टी के बर्तन बेचने की तैयारी में जीतपुर निवासी अब्दुल मजीद।

कभी घर-घर में प्रयोग होते थे मिट्टी के बर्तन

कभी घर-घर में मिट्टी के बर्तन प्रयोग होते थे। सब्जियां विशेषकर साग और दाल मिट्टी के बर्तन में ही बनती थीं। मिट्टी के बर्तनों में बनी सब्जियों का स्वाद कुछ विशेष होता था। मिट्टी के बर्तन में ही खीर बनती थी। मिट्टी की हंड़िया में दही जमाई जाती थी, कढ़ने के लिये दूध रखा जाता था। मिट्टी की हंडिया में ही मथकर मक्खन निकाला जाता था। मिट्टी के बर्तन में ही घी रखा जाता था। मिट्टी के बर्तन में ही आचार बनाने की प्रक्रिया होती थी। घर-घर मिट्टी के बर्तन प्रयोग होते थे। इससे मिट्टी के बर्तन भारी संख्या में बिकते थे। मिट्टी के बर्तनों में रखी खाद्य सामग्री का स्वाद ऐसा होता था कि लोग अंगुलियां चाटते रह जाते थे। बदले दौर में मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग काफी कम हुआ, तो इनके बनाने वाले कुम्हार परिवार भी सीमित संख्या में ही रह गये। अब तो बस त्यौहारों पर ही मिट्टी के बर्तन खरीदे जाते हैं।

धनतेरस पर आयोजित किया प्राकृतिक चिकित्सा शिविर



बिजनौर (चिंगारी)। धनतेरस के पावन पर्व पर योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव अनंत कुमार, कोषाध्यक्ष सुनीता, एडिटर डॉ. नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, श्रीमती वैशाली, किट्टू, रामनाथ सिंह तथा आरोग्य भारती के प्रांत संरक्षक वेद अजय मौजूद रहे। वहीं, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन की जिला इकाई बिजनौर के अध्यक्ष ओपी शर्मा ने यज्ञ का आयोजन कराया। यज्ञ के माध्यम से आमजन के उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए भगवान धन्वंतरि के बताए मार्ग और प्रकृति के महत्व को समझना जरूरी है। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क मालिश, एक्यूप्रेशर चिकित्सा और स्टीम बाथ की सुविधा दी गई। इसके साथ ही नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण भी किया गया।

कैप्टन गहलौत पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ भव्य दीपावली उत्सव


हल्दौर (चिंगारी)। कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर दीप एवं कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के आजीवन अध्यक्ष ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत, मैनेजर एडवोकेट नवीन कुमार, विद्यालय समिति के सदस्य सलिल शर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी एवं समन्वयक श्रीमती आरजू चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत ने विद्यार्थियों को दीपावली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही मैनेजर एडवोकेट नवीन कुमार सिंह और विद्यालय समिति सदस्य सलील शर्मा ने भी विद्यार्थियों को दीपावली के महत्व से अवगत कराया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया



तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी दीपावली की शुभकामनाओं के साथ उपहार भेंट किए गए। अंत में सभी ने मिलकर हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ दीपावली का पर्व मनाया।

शुरू होने वाला है कोहरे का कोहराम वाहन चलाते समय रखें अपना ध्यान

नीन्दडू (चिंगारी)। अब घने कोहरे का कोहराम शुरू होने जा रहा है। वाहन चालक नियन्त्रण में रहें और यात्री सावधानी पूर्वक यात्रा करें। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान करें। जी हां, अब मौसम पूरी तरह ठंड में बदलने जा रहा है। घने कोहरे का तांडव शुरू हो गया है, जिसका असर मुख्य रूप से सड़कों पर देखने को मिलता है। हर वर्ष कोहरे के कारण न जाने कितनी जानें काल के गाल में समा जाती हैं और कितना माली नुक़सान हो जाता है। कितने नासमझ वाहन चालक अपनी आदत न बदलने के कारण तीव्र गति के साथ आम गतिविधियों में शामिल रहते हैं और जानी व माली सम्पत्तियों को गंवा बैठते हैं। घने कोहरे के कारण सड़कों पर अंधकार छाया रहता है। वाहनों की लाइटें अपना वजूद खो बैठती हैं, जिस कारण सामने से आ रहे वाहनों का ज्ञान होना कठिन हो जाता है और एक दूसरे वाहनों में घुस जाने से यात्रीगण काल के गाल में समाते हुए देखे जाते हैं, जो दर्दनाक मौतों के नाम से जाने जाते हैं। इस प्रकार की घटनाएं मुख्य तौर पर अधिकतर जाड़ों के मौसम में घने कोहरे के छा जाने से हुए अंधकार के कारण ही हुआ करती हैं, जिससे कुछ सावधानियों के चलते बचा भी जा सकता है। कहते हैं जल्दी से देर भली, सावधानी हटी दुर्घटना घटी, इसलिए वाहनों व पैदल की गति धीमी रखें और बुद्धि और सोच की गति तेज़ रखें। स्वयं को सुरक्षित रखें व दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान करें।



प्रस्तुति:- अरशद अली

बुडगरा में पिंजरे में कैद हुआ विशालकाय गुलदार

नांगल सोती/किरतपुर (चिंगारी)। आज सुबह लगभग साढ़े आठ बजे सामाजिक वानिकी प्रभाग के वन दरोगा विकास कुमार को सूचना मिली कि ग्राम बुडगरा के जंगल में लगाये गये पिंजरे में गुलदार कैद हो गया है। वन दरोगा विकास कुमार अपने अधीनस्थों अनुज शुक्ला, अमित कुमार, मौ. उमर तथा धूम सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार के पिंजरे को छोटा हाथी में लादकर ग्राम जालपुर स्थित विभागीय पौधशाला में लेकर आये। विकास कुमार ने बताया कि गुलदार लगभग 8 वर्ष की आयु का नर गुलदार है। गुलदार काफी विशालकाय है। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण करने के उपरांत वाइल्ड लाइफ के चीफ द्वारा प्रदत्त आदेश के अनुसार गुलदार को वन क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। बता दें कि विगत एक नवंबर को पूर्वी गंगा नहर की चंदक शाखा से निर्गत बुडगरा रजवाहे के समीप शुभम कुमार पुत्र मेघराज सिंह के गन्ने के खेत में पिंजरा तब लगाया गया था, जब शुभम तथा अन्य को गन्ना छीलते हुए खेत में गुलदार दिखाई दिया था। गुलदार को ललचाने हेतु पिंजरे में मुर्गा रखा गया था। ग्राम पूंडरी कलां निवासी दुष्यंत राजपूत ने बताया कि इतना ही बड़ा गुलदार बुडगरा के जंगल के समीप स्थित उनके गांव के जंगल में भी कई बार देखा गया था। इससे पहले 13/14 अक्टूबर की रात्रि में एक युवा गुलदार बुडगरा के समीप स्थित ग्राम बुडगरी के जंगल में ब्रिगेश सिंह के घर के समीप लगाये गये पिंजरे में कैद हुआ था।


बुडगरा के जंगल में पिंजरे में कैद हुआ विशालकाय गुलदार



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शनिवार, 07 नवम्बर 2026

मेष- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, आर्थिक स्थिति में सुधार, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, किसी योजना की शुरुआत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

वृषभ- समय असन्तोषजनक, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, वाद-विवाद से अड़चनें, मित्रों परिजनों से मतभेद, लाभ में कमी, परिवार में अनावश्यक खर्च, यात्रा असफल।

मिथुन- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, इच्छा का विकास।

कर्क- मनोबल में वृद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, विचाराधीन योजना को कार्यरूप में परिणित, स्वाध्याय की ओर अभिरुचि, कुछेक मसला सुलझने की ओर।

सिंह- शुभ भावनाओं का उदय, बुद्धि-विवेक से कार्यों में सफलता, जटिल समस्याओं का समाधान, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आनन्द की अनुभूति, धन की प्राप्ति।

कन्या- नवयोजना अधूरी, व्यावसायिक प

क्ष के प्रति चिन्तित, वैवाहिक अड़चनें, आत्मिक शांति में कमी, द्रव्य की क्षति, स्व-निर्णय अहितकर, यात्रा असंतोषजनक।

तुला- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कर्ज की अदायगी का प्रयास, जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ।

वृश्चिक-भाग्योन्नति के नवीन आयाम, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, आत्मिक शांति।

धनु- समय संतोषजनक, मित्रों एवं परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल होने को, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, तनाव में कमी।

मकर- कार्यों में व्यवधान, पारिवारिक मतभेद उजागर, व्यवहार के प्रति लापरवाही, शारीरिक सुख में व्यतिक्रम, कर्ज की अधिकता, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चनें।

कुम्भ- सद्विचारों का उदय, विचारित कार्यों में सफलता, आनन्द की अनुभूति, मनोरंजन की ओर रुझान, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

मीन- स्वास्थ्य सुधार पर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, आत्मिक शांति।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

सारी सड़क तोड़ डाली, अब कैसे मनायें दिवाली?

बिजनौर (चिंगारी)। दिवाली के त्यौहार से ठीक पहले साकेत कॉलोनी की मुख्य सड़क को खोदे जाने से स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार देर रात पीएनजी गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से की गई खुदाई ने सड़क को पूरी तरह बदहाल कर दिया। सड़क पर मलबा फैलने से रास्ता बंद हो गया, वहीं घरों को पानी की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। आज सुबह जब कॉलोनी के लोग सोकर उठे तो सड़क की हालत देखकर हैरान रह गए।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-9 स्थित साकेत कॉलोनी में कलेक्ट्रेट से आवास विकास की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे पीएनजी गैस पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। पहले मजदूर सड़क किनारे खुदाई कर पाइपलाइन डाल रहे थे, जिससे लोगों को परेशानी के बावजूद आवागमन में ज्यादा दिक्कत नहीं हो रही थी। लेकिन गुरुवार देर रात जेसीबी से सड़क पर बड़े स्तर पर खुदाई कर दी गई। खुदाई के बाद निकला मलबा सड़क पर ही फैला दिया गया, जिससे मुख्य रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया।

खुदाई के दौरान घरों में पानी की आपूर्ति के लिए डाली गई पाइपलाइन भी टूट गई। आज सुबह पानी नहीं आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, सड़क बंद होने के कारण स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले रिक्शे और बसें भी कॉलोनी में नहीं पहुंच सकीं। इससे बच्चों और उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कॉलोनी निवासी रविता सिंह, रेनू पाल, स्वाति सिंह, शेखर वर्मा, लकी सिंह, विशाल चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह और वीरेंद्र सैनी सहित अन्य लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार से ठीक पहले मुख्य सड़क की खुदाई करना



उचित नहीं है। यह काम त्यौहार के बाद भी कराया जा सकता था। उनका कहना है कि यह कॉलोनी की प्रमुख सड़क है, जिस पर दिन-रात लोगों का आवागमन रहता है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क की खुदाई और मलबा फैलने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं जलभराव और कीचड़ के कारण फिसलने तथा चोट लगने का खतरा भी बढ़ गया है।

यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल हुईं राजतरंगिणी, महाभारत और अर्थशास्त्र

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कश्मीर के इतिहासकार कल्हण की 12वीं शताब्दी की ऐतिहासिक कृति राजतरंगिणी, भारतीय महाकाव्य महाभारत और कौटिल्य के शासन एवं कूटनीति संबंधी ग्रंथ अर्थशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर फॉर एशिया एंड द पैसिफिक में शामिल किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (एमओडब्ल्यूसीएपी) के 11वें सत्र में इन तीनों ग्रंथों को प्रतिष्ठित मान्यता प्रदान की गयी। इन ग्रंथों को क्षेत्रीय रजिस्टर में शामिल कराने के लिए आवश्यक डोजियर तैयार करने में आईजीएनसीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह उपलब्धि केवल तीन प्राचीन ग्रंथों को अंतरराष्ट्रीय अभिलेख में स्थान मिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की उस समृद्ध ज्ञान परंपरा का वैश्विक सम्मान भी है, जिसने सदियों से इतिहास, नैतिकता, धर्म-दर्शन, जीवन मूल्यों और सुशासन के क्षेत्र में मानव सभ्यता को दिशा दी है। तीनों ग्रंथ भारतीय मनीषा की अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण बौद्धिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बारहवीं शताब्दी में कश्मीर के इतिहासकार कल्हण द्वारा रचित राजतरंगिणी भारतीय इतिहास लेखन की विशिष्ट कृति मानी जाती है। इसमें कश्मीर के राजाओं, राजनीतिक घटनाक्रमों और तत्कालीन सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का क्रमबद्ध विवरण मिलता है। इतिहास को साक्ष्यों, परंपराओं और आलोचनात्मक दृष्टिकोण के आधार पर प्रस्तुत करने की इसकी पद्धति इसे भारतीय इतिहास लेखन की महत्वपूर्ण धरोहर बनाती है। वहीं, महाभारत भारतीय सभ्यता और साहित्यिक परंपरा का ऐसा महाकाव्य है, जिसकी प्रासंगिकता समय और भौगोलिक सीमाओं से परे है। यह केवल महायुद्ध की कथा नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य, न्याय, सत्ता, मानवीय संबंधों और जीवन के जटिल प्रश्नों पर व्यापक विमर्श प्रस्तुत करता है। इसमें निहित दार्शनिक चिंतन और जीवन मूल्य इसे दक्षिण एशिया की साझा सांस्कृतिक स्मृति के साथ-साथ मानवता की महत्वपूर्ण बौद्धिक विरासत बनाते हैं।

मोबाइल अपडेट के नाम पर खाते से उड़ाए 84 हजार
साइबर ठगों ने रकम निकाली तीन बार

नगीना (चिंगारी)। साइबर ठग अब लोगों को ठगने के लिए नये-नये तरीके अपना रहे हैं। अब ठगी के लिए न तो ओटीपी मांगने की जरूरत पड़ रही है और न ही फोन कॉल करने की। मोबाइल पर आने वाले एक अपडेट मैसेज के जरिए ही साइबर ठगों ने नगीना क्षेत्र के ग्राम कालाखेड़ी निवासी कुशल पाल सिंह के बैंक खाते से 84 हजार रुपये उड़ा दिए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित को न तो रकम निकाले जाने का कोई मैसेज मिला और न ही ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित कुशल पाल सिंह के मुताबिक, उनके मोबाइल पर एक कंपनी के नाम से मोबाइल अपडेट करने का मैसेज आया था। उन्होंने इसे मोबाइल अपडेट करने की सामान्य प्रक्रिया समझा और मैसेज में दिए गए विकल्प पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उनका मोबाइल करीब 24 घंटे तक अपडेट होने की प्रक्रिया में लगा रहा। इस दौरान न तो कोई फोन कॉल आई और न ही कोई संदिग्ध मैसेज आया। मोबाइल लंबे समय तक अपडेट होता देख पीड़ित कंपनी के स्थानीय अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के पास भी पहुंचे। वहां भी इसे सामान्य अपडेट प्रक्रिया समझकर कुछ समय लगने की बात कही गई। आखिरकार चार अक्टूबर की शाम करीब चार बजे मोबाइल दोबारा सामान्य स्थिति में आ गया। उस समय तक पीड़ित को खाते से रकम निकलने की कोई जानकारी नहीं थी।

बाद में जब पीड़ित ने किसी व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान करने के लिए अपना बैंक खाता चेक किया तो खाते में महज 900 रुपये शेष मिले। जांच करने पर पता चला कि चार अक्टूबर को तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उनके खाते से कुल 84 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। इसके बाद उन्हें मोबाइल अपडेट के नाम पर साइबर ठगी होने का पता चला।

पीड़ित का कहना है कि ठगी के दौरान न तो उनसे ओटीपी मांगा गया और न ही किसी ने फोन करके बैंक संबंधी जानकारी हासिल की। मोबाइल अपडेट के नाम पर हुई इस घटना ने साइबर ठगी के नये तरीकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पीड़ित थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। सीओ आलोक सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फाइनल मैचों के साथ, आईएचएमएस में वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं समाप्त

पीजी कॉलेज, एमकेवीएन और डेफोडिल्स स्कूल बने वॉलीबॉल चैंपियन



कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजनेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार की ओर से आयोजित लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी स्मृति अंतर महाविद्यालयी और अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता एमकेवीएन, डेफोडिल्स स्कूल और पीजी कालेज कोटद्वार के नाम रही।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मैच स्कूल स्तर की बालिका वर्ग में एमकेवीएन और बलूनी पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। दो सेट में हुए मैच में एमकेवीएन ने जीत दर्ज की। दूसरा अंतर महाविद्यालय बालिका वर्ग का फाइनल मैच पीजी कॉलेज कोटद्वार और आईएचएमएस के बीच हुआ, जिसमें पीजी कॉलेज ने बाजी मारी। वहीं बालक वर्ग में भी पीजी कॉलेज कोटद्वार ने भगवंत ग्लोबल को पाराजित कर विनर ट्राफी पर कब्जा जमाया। अंत में विद्यालय स्तर की बालक वर्ग का फाइलन बलूनी पब्लिक स्कूल और डेफोडिल्स के बीच हुआ। जिसमें तीन सेट तक दोनों टीमों में जीत के लिए कटि की टक्कर हुई। लेकिन अंत में डेफोडिल्स ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बलूनी की टीम को पराजित कर दिया। इस प्रकार अपने वर्ग में एमकेवीनए की छात्राएं, पीजी कॉलेज कोटद्वार की दोनों टीमें और डोफोडिल्स स्कूल के छात्र चैंपियन रहे।

विजेता व उपविजेताओं को किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के विजेताओं को कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने उप विजेता और विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, मैडल और ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता संयोजक अंकित कुकरेती और डॉक्टर अजय आचार्य ने प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान करने वाले शारीरिक शिक्षकों को पुरस्कृत किया। मैच का आंखों देखा हाल डॉक्टर सुरेंद्र जगवान, और वीरेंद्र आर्य ने सुनाया।

इन्होंने किया प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन-

तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी और अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बहतरीन प्रदर्शन के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर बालक बालिका वर्ग में शिव प्रजापति, श्री, मनीमुद्दीन और साक्षी को वेल्यूएवल प्लेयर, अमन सिंह, इशिता, प्रियंक और अनुशिका को बेस्ट डिफेंडर, सुजल रावत , आशीष, सनिध्या और खुशी को बेस्ट सर्वर, कार्तिक जदली, नयन नेगी, रिचा और ईशा को बेस्ट ब्लॉकर, दिव्यांशु सिंह, संदीप, तराना और ईना को बेस्ट स्पाइकर, जबकि आदित्य नौटियाल, दिवांशु भट्ट, माही और शीतल को उदयमान खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

दीपावली के मद्देनज़र खाद्य पदार्थों के नमूने लिये दुकानदारों को टीम ने आवश्यक निर्देश दिये

कोटद्वार (चिंगारी)। दीपावली नजदीक आते ही मिठाइयों की मांग बढ़ने लगी है। ऐसे में बाजार में बिकने वाली मिठाइयों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने निगरानी तेज कर दी है। विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 12 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। इस दौरान दुकानदारों को खुली मिठाइयों पर निर्माण और एक्सपायरी तिथि प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुर्गापुरी, किशनपुरी, देवी रोड और तीलू रौतेली चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान मैसूर पाक, बेसन के लड्डू, मावा, काजू कतली, कलाकंद और मिल्क केक सहित 12 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को गुणवत्ता मानकों का पालन करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की हिदायत दी। साथ ही एक्सपायरी और मिथ्या छाप खाद्य पदार्थों का भंडारण व बिक्री नहीं करने के निर्देश भी दिए। अभियान में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्रा, तहसीलदार राजेंद्र सनवाल और सुनील बिष्ट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्वर्ण पदक जीतने वाली छात्रा को सम्मानित किया

कोटद्वार (चिंगारी)। मार्शल आर्ट की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली दुर्गापुरी स्थित एमकेवीएन स्कूल की छात्रा त्रिशा को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। त्रिशा ने अपनी उपलब्धि से विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश कोठारी ने बताया कि एक नवंबर को रूद्रपुर में एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में त्रिशा ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उसने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता जताते हुए त्रिशा को सम्मानित किया। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य कविता रावत और उप प्रधानाचार्या रेखा देवी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने भी त्रिशा को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

गोपालाचार्य के मोबाइल फोन चुराने वाला गिरफ़्तार

ऋषिकेश (चिंगारी)। मायाकुंड स्थित श्री कृष्णा आश्रम के जगद्गुरु रामानुजाचार्य कृष्णाचार्य के शिष्य गोपालाचार्य ने कोतवाली ऋषिकेश में तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उनके कक्ष से दो मोबाइल फोन चोरी हो गये हैं। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक अज्ञात व्यक्ति कक्ष में प्रवेश कर मोबाइल फोन चोरी करता हुआ दिखाई दिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्रकरण को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी पुलिस टीम गठित की गई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर डग रोड, ट्रांजिट कैम्प के पीछे से अभियुक्त अर्जुन पुत्र राजकुमार अरोड़ा, निवासी भैरव मंदिर, लक्ष्मण झूला रोड, ऋषिकेश, उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से आश्रम से चोरी किये गये दो मोबाइल फोन बरामद हुए। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया है पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह पवार, कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल दिनेश कामली, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह शामिल थे।

बालिकाओं के भाभा सदन ने आर्य भट्ट सदन को पराजित किया

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह क्षेत्र के अंतर्गत लालपानी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में चल रहे खेल सप्ताह के चौथे दिन गुरूवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सीनियर वर्ग की बालिका कबड्डी में भाभा सदन ने आर्यभट्ट सदन को पराजित किया। वहीं बालक वर्ग में भाभा सदन को हराकर रामानुजन सदन ने जीत हासिल की। खो - खो जूनियर वर्ग में भाभा सदन प्रथम, रमन सदन द्वितीय और रामानुजन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्री प्राइमरी वर्ग की जंप एंड सिट रेस की नर्सरी बालिका वर्ग में समीक्षा ने प्रथम, सानवी नेगी ने द्वितीय और अनविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं एल.के.जी. के बालक वर्ग में अथर्व, मयंक तथा दिव्यांश क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

जीआईसी के चार छात्रों को साइकिलें भेंट कीं



कोटद्वार (चिंगारी)। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के चार मेधावी छात्रों के लिए इस वर्ष की दीपावली उस समय यादगार बन गई जब मलेशिया में कार्यरत कोटद्वार के कपिल शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय जगदीश चंद्र शर्मा की याद में उन्हें चार साइकिलें प्रदान कीं। विद्यालय के शिक्षक संतोष नेगी ने बताया कि शिक्षक गजेंद्र सिंह चौहान एवं संजय रावत की पहल पर उनके दोस्त व मलेशिया में कार्यरत कपिल शर्मा के सहयोग से विद्यालय के छात्र वंश देवलियाल, प्रेम कुमार, ललित व इशिता को साइकिल प्रदान की गई। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने इस पहल के लिए दोनों शिक्षकों और दानदाता कपिल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

मुख्यमंत्री योगी बोले- लॉ फुल यूपी बनाना है, लॉ लेस नहीं

4543 दारोगाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों के सामने विश्वास का संकट था। उत्तर प्रदेश की पहचान उपद्रव प्रदेश के रूप में बन गई थी, लेकिन आज प्रदेश में कानून का राज है। यूपी को लॉफुल प्रदेश बनाना है, लॉलेस नहीं। पुलिस को आमजन के विश्वास का प्रतीक बनना होगा। आज पुलिस लाइन मैदान में 4543 नव चयनित उप निरीक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों को खुद को जनता के विश्वास की कसौटी पर कसने के लिए तैयार रहना होगा। शानदार पारी खेलने के लिए बिना रुके, बिना डिगे और बिना भय के आगे बढ़ते रहना है।



योगी ने कहा कि सरकार ने एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था। सितंबर से लगातार नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। जल्द ही 1200 राजस्व कर्मियों, 42 हजार होमगार्ड और 32 हजार सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 25 हजार शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र देने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि कुछ नियुक्तियां तीसरी पारी के लिए भी रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले सरकारी नौकरी मिलना बेहद कठिन था। तत्कालीन सरकारों की न तो कोई नीति थी और न ही नियत। आवेदन कोई करता था और नियुक्ति पत्र किसी दूसरे को मिल जाता था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बेईमानी से नियुक्तियां कीं, उनकी संपत्ति जब्त होने पर उन्हें खुशी होगी। योगी ने दावा किया कि उनकी सरकार ने 9.50 साल में 9.50 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह सरकार की अनुकंपा नहीं, बल्कि कर्तव्य है। नव चयनित अभ्यर्थियों ने भी किसी की कृपा से नहीं, बल्कि अपनी योग्यता के आधार पर नौकरी हासिल की है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2017 में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। यूपी पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया है। उन्होंने नव चयनित उप निरीक्षकों से कहा कि उनकी जिम्मेदारी लोगों को न्याय दिलाने की है। उनका निर्णय न्यायपूर्ण होना चाहिए और व्यवहार में भी न्याय दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित के साथ न्याय करने से पुलिस की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मोटरसाइकिल की सीट पर खड़े होकर सेना के जवान ने 154 किमी की दूरी तय कर रचा इतिहास

बेंगलुरु (एजेंसी/चिंगारी)। मेजर अमृत पांडा के लिए विश्व रिकॉर्ड बनाने की राह गति से नहीं, बल्कि संतुलन, सहनशक्ति और असाधारण मानवीय दृढ़ संकल्प की परीक्षा से जुड़ी थी। चलती मोटरसाइकिल की सीट पर खड़े होकर उन्होंने 154 किलोमीटर की दूरी तय की और अपनी असाधारण शारीरिक सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए भारतीय सेना का मान बढ़ाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ सेना सेवा कोर (एएससी) की मोटरसाइकिल प्रदर्शन टीम ने अपने विश्व रिकॉर्ड की संख्या बढ़ाकर 36 कर ली। टीम ने मोटरसाइकिल चलाने की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने की अपनी शानदार यात्रा में एक और अध्याय जोड़ दिया। एएससी को लोकप्रिय रूप से एएससी टोरनाडोज के नाम से जाना जाता है। मेजर पांडा ने %मोटरसाइकिल की सीट पर खड़े होकर लगातार सबसे लंबी दूरी तक सवारी करने% के पिछले 107.92 किलोमीटर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस दौरान उन्होंने असाधारण एकाग्रता, शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि एएससी के 266वें कोर दिवस के अवसर पर हासिल की गयी। इसका आयोजन बेंगलुरु स्थित एएससी सेंटर (दक्षिण) में होने वाले 12वें एएससी पुनर्मिलन समारोह की पूर्व तैयारी के रूप में किया गया। चलती मोटरसाइकिल की सीट पर सीधे खड़े होकर इतनी लंबी दूरी तय करना कोई सामान्य बात नहीं है। हर किलोमीटर पर अटूट संतुलन, सटीक नियंत्रण और थकान के बावजूद एकाग्रता बनाए रखने की क्षमता की आवश्यकता होती है।

धनतेरस से पांच दिनों तक होंगे मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)। धार्मिक नगरी काशी में धनतेरस के अवसर पर आज भोर की आरती के बाद मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। मंदिर में श्रद्धालुओं को माता का खजाना भी वितरित किया जा रहा है। मां अन्नपूर्णा के विशेष दर्शन छह से 10 नवंबर तक होंगे। इस दौरान श्रद्धालु माता के साथ भूमि देवी, मां लक्ष्मी और महादेव के दर्शन भी कर सकेंगे। मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि धनतेरस पर सुबह तीन बजे पूजन शुरू हुआ और पौने पांच बजे विधि-विधान से आरती संपन्न हुई। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोल दिए गए। मान्यता है कि माता का खजाना प्राप्त करने से घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होती है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने मंदिर पहुंचकर दर्शन, खजाना वितरण और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं। पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं से मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





